


www.facebook.com/khabariprashad | www.khabariprashad.com | www.youtube.com/@khabariprashad

खबरी प्रशाद

हम सवाल उठाते हैं, पालकी नहीं

दैनिक | वर्ष : 2 । अंक : 57 पृष्ठ : 8 । सोमवार, 28 अक्टूबर 2024 मूल्य : 2.50 रुपए | Email id : deskkhabari@gmail.com | RNI Title No. : HARHIN11531 | पंचकूला

सुविचार

हस्ते हुए लोगों की संगत इत्र की दुकान जैसी जोती हैं, कुछ ना खरीदो तो भी रूह तो महका ही देता है।

प्रिय पाठकगण

आप एक जागरूक शहरी के रूप में खबरी प्रशाद अखबार की आंख और कान बन सकते हैं। अपने शहर की जिन समस्याओं, मुद्दों व बातों को ज़िम्मेदार लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं हमें बताएं। हम समाचार पत्र के माध्यम से आपकी आवाज को उन लोगों तक ले जाएंगे जो इसके लिए ज़िम्मेदार है। संपर्क करें।

फ़ोन 0172-4194401

प्रसार एवं विज्ञापन हेतु संपर्क करें

rmcmediapvtltd@gmail.com

BHIM UPI

SCAN & PAY WITH ANY UPI APP

सूचना

सुधि पाठकों, यदि किसी कारणवश आपको खबरी प्रशाद अखबार मिलने में असुविधा हो रही है तो कृपया आप नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर मात्र 75 रुपए की पेमेंट करके अखबार अपने मोबाइल पर सुबह 5 बजे प्राप्त कर सकते हैं।

'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी पर प्रधानमंत्री मोदी का गंभीर संदेश :

सावधान रहें, अपनी मेहनत की कमाई को ठगी से बचाएं

खबरी प्रशाद

दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 115वें एपिसोड में बढ़ती %डिजिटल अरेस्ट% धोखाधड़ी पर अपने विचार साझा किए और देशवासियों को सावधान रहने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने बताया कि आजकल एक नया ठगी का तरीका सामने आया है, जिसमें कॉल करने वाले खुद को पुलिस, सीबीआई, आरबीआई, या नारकोटिक्स विभाग का अधिकारी बताकर आम जनता को निशाना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन फर्जी कॉल्स का मकसद लोगों को डराना, उनकी निजी जानकारी जुटाना, और उनकी मेहनत की कमाई पर कब्जा करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने जनता से अपील की कि वे इस तरह के कॉल्स से सतर्क रहें। उन्होंने कहा, 'अक्सर ये लोग इतनी आत्मविश्वास के साथ बात करते हैं कि लोग इन्हें सच मान लेते हैं। ऐसे ठग आपके बैंक अकाउंट से संबंधित जानकारी जुटाते हैं और फिर आपको धमकियां देकर मनोवैज्ञानिक दबाव डालते हैं, ताकि आप उनकी बातों में आकर अपना पैसा गंवा बैठें।'



प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से यह चेतावनी दी कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन या वीडियो कॉल के माध्यम से न तो किसी व्यक्ति से पैसे मांगती है और न ही इस प्रकार की पूछताछ करती है। उन्होंने कहा, 'सतर्क रहना आपकी सुरक्षा की कुंजी है। यदि आपके पास ऐसा कोई फोन आता है, तो घबराएं नहीं, बल्कि समझदारी से काम लें। हर सरकारी अधिकारी का कामकाज सीधे फोन पर नहीं होता, इसलिए इस तरह के कॉल्स पर विश्वास न करें।' प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि इस प्रकार की धोखाधड़ी से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि डिजिटल सुरक्षा आज के समय में उतनी ही जरूरी है जितनी कि हमारी व्यक्तिगत सुरक्षा। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमारे डिजिटल स्पेस में सुरक्षा बनाए रखने के लिए हर नागरिक का जागरूक होना आवश्यक है। ऐसे कॉल्स की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दी जानी चाहिए ताकि ठगों को पकड़ने में मदद मिल सके।'

प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान के बाद, इस तरह की ठगी से संबंधित मामलों पर राष्ट्रीय स्तर पर बहस शुरू हो गई है। उनके संदेश ने आम जनता के बीच डिजिटल सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाई है। पीएम की इस अपील से उम्मीद है कि लोग सतर्क रहेंगे और फर्जी कॉल्स से खुद को सुरक्षित रख पाएंगे।

प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा की जा रही पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि कैसे जांच एजेंसियां साइबर क्राइम पर निगरानी बढ़ा रही हैं और इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय कर रही हैं। डिजिटल युग में सावधानी जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में यह भी कहा कि देश की जनता को डिजिटल युग में खुद को सुरक्षित रखने के लिए तकनीकी साक्षरता अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'हमारी सुरक्षा अब सिर्फ हमारे घरों तक सीमित नहीं है, बल्कि ऑनलाइन स्पेस में भी है। इसलिए डिजिटल जागरूकता समय की जरूरत बन गई है। हर भारतीय नागरिक को इसके प्रति सचेत रहना चाहिए।'

प्रधानमंत्री ने डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने का भी सुझाव दिया और लोगों से अपील की कि वे इस तरह की घटनाओं के प्रति अपने परिवार और मित्रों को सतर्क करें ताकि सभी सुरक्षित रह सकें।

अब लॉरेंस बिश्नोई को धमकी देते युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल पुलिस तलाश में जुटी

खबरी प्रशाद। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक व्यक्ति मशहूर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को धमकी दे रहा है और कह रहा है कि तुम्हारे अगर 2000 शूटर मुंबई में है तो मेरे 5000 शूटर मुंबई में है और मैं तुम्हें मार दूंगा। वीडियो में दिख रहा युवक उत्तर प्रदेश के रायबरेली का रहने वाला बताया जा रहा है । फिलहाल पुलिस इस वीडियो की जांच कर रही है की क्या व्यक्ति मानसिक तौर पर सही है या उसकी मानसिक स्थिति ही खराब है । वीडियो में युवक लॉरेंस बिश्नोई को जान से मारने की धमकी देता नजर आ रहा है। वीडियो में वह कह रहा है कि सलमान खान को अगर कुछ हुआ तो लारेंस बिश्नोई तुम्हारी खैर नहीं। मैंने मुंबई में अपने बीस हजार शूटर छोड़ रखे हैं।

मीडिया रिपोर्टस की मानें तो 37 सेकंड का यह वीडियो लालगंज कोतवाली क्षेत्र के दीपेमऊ सोहावल गांव के निवासी युवक द्वारा मुम्बई में रिकॉर्ड किया गया है। वीडियो के आधार पर पुलिस अब जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

स्थानीय पुलिस की मानें तो यह युवक इन दिनों मुंबई से आकर जिले में ही रह रहा है। बताया जा रहा है कि पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

उसने वीडियो में कहा, 'लारेंस बिश्नोई दो हजार शूटर तुम्हारे तैयार हैं, तो पांच हजार शूटर मैंने भी मुंबई में भेज रखे हैं। तुम्हारी खैर नहीं। तुम्हारे शूटरों की भी खैर नहीं। तुम्हारा एक भी शूटर मुंबई से बचकर नहीं जाएगा। पांच हजार शूटर इमरान भाई ने भी लगा दिए हैं। लारेंस बिश्नोई तुम्हारी खैर नहीं। तुम्हारी तो जेल में ही हत्या होगी। सलमान भाई को कुछ हुआ, तो तुम्हारे लिए ठीक नहीं होगा लारेंस बिश्नोई नहीं बचेगा। तुम्हारे पास जितने भी शूटर हैं, मैं उससे दोगुने तुमको मारने के लिए लगा दूंगा। मेरे पार करीब बीस हजार शूटर हैं। लारेंस नहीं बचेगा उल्लेखनीय है कि मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम सामने आया है। इस हत्याकांड में अब तक कई गिरफ्तारी हो चुकी हैं। फिल्म स्टार सलमान खान भी लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर माने जाते हैं। उनके घर की सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई है।

एक्सप्रेस खबर

डॉक्टरों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण बयान

खबरी प्रशाद । सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डॉक्टरों को लापरवाही के लिए तभी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जब उसके पास अपेक्षित योग्यता और कौशल न हो या इलाज के दौरान उचित विशेषज्ञता का इस्तेमाल न किया गया हो.जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा और जस्टिस पंकज मिथल की बेंच ने कहा कि जब मरीज का इलाज करते वक्त डॉक्टर की ओर से अपेक्षित सावधानी बरती गई हो तो यह कार्रवाई करने जैसा लापरवाही का मामला नहीं होगा, बशर्ते इसे गलत न साबित कर दिया जाए।

ट्रेन में चढ़ने को लेकर बांद्रा टर्मिनस पर मची भगदड़, कई यात्री घायल

खबरी प्रशाद । बांद्रा टर्मिनस पर रविवार सुबह गोरखपुर एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर मची भगदड़ में 10 यात्री घायल हो गए। इस हादसे में 2 घायलों को गंभीर स्थिति में ग्रश्वरूअस्पताल रेफर किया गया है, जबकि अन्य का इलाज भाभा अस्पताल में जारी है। भगदड़ की वजह ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों के बीच हुई धक्का-मुक्की बताई जा रही है।

शिवसेना (UBT) के आदित्य ठाकरे और सांसद संजय राउत ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए रेल मंत्री की आलोचना की और कहा कि रेलवे की अनदेखी के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं, जो प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अब सख्त कदम उठाने की मांग जोर पकड़ने लगी है।

मुंबई के बांद्रा टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना के बाद अब अलग-अलग पार्टियों के बयान भी सामने आ रहे हैं.

कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने घटना के बारे में कहा, ग्रमहाराष्ट्र के अंदर जंगल राज है. अभी ख़बर आई थी कि एक नेता को सरेआम गोली मार दी गई. आज ख़बर आई है कि रेलवे स्टेशन पर नौ लोग ज़ख्मी हो गए. वहां पर भीड़ इकट्ठी हो गई।

कांग्रेस नेता ने बीजेपी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, ग्रशोर मचाया जाता है कि टू इंजन सरकार होगी तो सब ठीक होगा. महाराष्ट्र में तो टू इंजन सरकार है।

राशिद अल्वी ने कहा, 'रेलवे भी उनके पास है और क़ानूनी व्यवस्था भी उनके पास है. इसके बाद भी अगर यात्रियों के साथ ऐसे वाकये होंगे तो रेलवे पर कौन भरोसा करेगा. कौन भरोसा करेगा, भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार पर.'

उन्होंने कहा कि 'मैं महाराष्ट्र सरकार के नाकामी की निंदा करता हूं. यह एक अयोग्य सरकार है.' मुंबई के बांद्रा टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर तड़के दो बजकर 55 मिनट पर भगदड़ की घटना सामने आई थी.

पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता विनीत अभिषेक ने घटना के बारे में बताया कि यार्ड से प्लेटफॉर्म नंबर एक की तरफ आ रही अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन पर लोग चढ़ने की कोशिश कर रहे थे. तभी ये हादसा हुआ.

मान ने प्रधान पद छोड़ने की जताई इच्छा, बोले- अब दूसरों को मिले मौका

खबरी प्रशाद ।पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने होशियारपुर में ऐलान किया कि वे अब आम आदमी पार्टी पंजाब के प्रधान पद से इस्तीफा देना चाहते हैं। मान का कहना है कि वे पिछले 7 साल से इस पद पर हैं, साथ ही मुख्यमंत्री के रूप में 13-14 विभागों की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को अब एक पूर्णकालिक प्रधान की जरूरत है, जो पार्टी को नए मुकाम तक ले जा सके। गौरतलब है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी ने 117 में से 92 सीटों पर जीत हासिल की थी। अब पार्टी की नजर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों पर है, और मान का मानना है कि नए नेतृत्व के साथ पार्टी को और मजबूती मिल सकती है। जब संवाददाताओं ने उनसे यह पूछा कि वे अपनी जगह किसे देखना चाहेंगे, तो मान ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय हाई कमान पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि हाई कमान जिसे भी चुनेगा, वे एक वालंटियर के तौर पर काम करते रहेंगे। बताते चलें कि 2023 से प्रोफेसर बुधराम कार्यकारी प्रधान के रूप में पार्टी में योगदान दे रहे हैं।

डीएम कंपाउंड में कंकाल

खबरी प्रशाद, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में फिल्म दृश्यम की तर्ज पर हत्या के मामले में पूरे सकमिश्नरी सिस्टम को हिला दिया है । आपने फिल्म दृश्यम तो जरूर देखी होगी जिसमें युवक की हत्या के बाद उसका शव पुलिस स्टेशन के नीचे ही गाड़ दिया जाता है क्योंकि वहां कोई शक नहीं करेगा। कुछ ऐसा ही हुआ कानपुर में जहां बिजनेसमैन की खूबसूरत की पत्नी का कंकाल सबसे सुरक्षित जगह जिलाधिकारी कंपाउंड से मिला है। देर रात तक खुदाई करके कंकाल को निकाला गया। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करके पूछताछ कर रही है। पूरा मामला यह है कि सिविल लाइंस में रहने वाले कारोबारी राहुल गुप्ता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी एकता गुप्ता 24 जून 2024 से लापता है। वो रोज की तरह ग्रीन पार्क के पास स्थित जिम गई थी और उसके बाद से नहीं लौटी है। राहुल ने आशंका जताई थी कि जिम ट्रेनर विमल सोनी ने नशीला पदार्थ खिलाकर उनकी पत्नी को अगवा कर लिया और पैसे जेवरात लेकर फरार हो गया हैअगले दिन पुलिस ने विमल की कार बरामद कर ली थी उसमें कुछ सामान के अलावा नए सिम कार्ड का जैकेट भी मिला था जिससे यह आशंका जताई गई थी कि दोनों ने अपना सिम बदल लिया है। उसके बाद से पुलिस लगातार विमल सोनी और एकता की खोज में जुटी ही थी। शनिवार को पुलिस ने राहुल गुप्ता को बताया कि आरोपी विमल सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। विमल सोनी ने पुलिस को बताया कि उसने एकता की हत्या कर दी है और शव को सजिलाधिकारी कंपाउंड में लेजाकर बड़े आराम से गाड़ दिया है। यह सुनते ही अफ़सर हैरत में पड़ गये, देर रात पुलिस की टीम सकलेक्टर कंपाउंड पहुंची और विमल की बताई जगह पर खुदाई की गई। खुदाई के बाद महिला का कंकाल बरामद हुआ जो पूरी तरह गल चुका था। कंकाल को फोरेंसिक की जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अब सवाल भी कई खड़े हो गये आखिर जिलाधिकारी कंपाउंड में जहाँ बडे बडे अफ़सर रहते है इतनी सुरक्षित जगह पर यह सब कैसे हुआ ।

दिवाली 2024- तिथि को लेकर ना हों कंफ्यूज, इस दिन मनाया जाएगा साल का सबसे बड़ा त्यौहार जानें शुभ मुहूर्त!

खबरी प्रशाद।

हिंदू धर्म के सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक होता है दिवाली का त्योहार जिसका लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। दिवाली का यह पर्व देश भर में धूमधाम के साथ तो मनाया ही जाता है विदेश में भी इसकी अलग ही चमक देखने को मिलती है। बात करें वर्ष 2024 की दिवाली को तो इस वर्ष तिथि को लेकर काफी संशय चल रहा है। अगर आप भी इस बात को लेकर कन्फ्यूज हैं कि दिवाली कब मनानी है, कैसे मनानी है, इस दिन का शुभ मुहूर्त क्या रहने वाला है।

एस्ट्रोगुरु प्रमोद परियाल जी के अनुसार हमारे इस दिवाली विशेष ब्लॉग के माध्यम से हम आपके इन्हीं सभी सवालों का जवाब देने का प्रयत्न करेंगे।

साथ ही जानेंगे इस बेहद ही खास त्यौहार से जुड़ी कुछ रोचक और दिलचस्प बातों की भी जानकारी। तो चलिए बिना देरी किए शुरू करते हैं हमारा यह स्पेशल ब्लॉग और सबसे पहले जान लेते हैं वर्ष 2024 में दिवाली किस दिन पड़ रही है।

2024 में कब है दिवाली?

दिवाली का त्योहार 5 दिनों तक चलने वाला एक बेहद ही महत्वपूर्ण त्यौहार होता है। वर्ष 2024 में इस त्यौहार की शुरुआत 29 अक्टूबर से हो जाएगी और 3 नवंबर तक यह त्यौहार चलेगा। दरअसल दिवाली का त्योहार धनतेरस से शुरू होता है और यह भैया दूज पर जाकर समाप्त हो जाता है।

ऐसे में धनतेरस की बात करें तो धनतेरस से ही दिवाली के पर्व की शुरुआत मानी जाती है। धनतेरस को धन त्रयोदशी भी कहते हैं। इस दिन देवता कुबेर के साथ मां लक्ष्मी की पूजा का विधान बताया गया है। वर्ष 2024 में 29 अक्टूबर को धनतेरस का त्यौहार मनाया जाएगा। इस दिन खरीदारी का महत्व होता है। ऐसे में आप चाहें तो इस दिन बर्तन, सोना, चांदी, आभूषण वस्त्र आदि खरीद सकते हैं।

इसके बाद अगला दिन होता है छोटी दिवाली का। धनतेरस के बाद छोटी दिवाली मनाते हैं। इसे कई जगहों पर नरक चतुर्दशी भी कहते हैं। इस दिन भगवान हनुमान की पूजा का विधान बताया गया है। वर्ष 2024 में छोटी दिवाली या नरक चतुर्दशी 30 अक्टूबर को मनाई जाएगी।

इसके बाद दिवाली का त्योहार मनाया जाता है। अब बात करें दिवाली की तो दिवाली को लक्ष्मी पूजा के नाम से भी जानते हैं और दिवाली का त्योहार इस वर्ष 1 नवंबर 2024 को मनाया जाएगा।

लक्ष्मी पूजा का समय : शाम 05.36- शाम 06.16 (1 नवंबर 2024), अवधि ङ्क 01 घंटा 56 मिनट

प्रदोष काल: शाम 05:36-रात 08:11

वृषभ काल: शाम 06.20-रात 08.15

(लक्ष्मी पूजा मुहूर्त स्थिर लग्न के बिना)

दीवाली लक्ष्मी पूजा के लिये शुभ चौघड़िया मुहूर्त

प्रात: मुहूर्त (चर, लाभ, अमृत)- सुबह 06:33-सुबह 10:42

अपराह्न मुहूर्त (चर): शाम 04:13-शाम 05:36

अपराह्न मुहूर्त (शुभ): दोपहर 12:04-दोपहर 13:27

इसके बाद अगले दिन गोवर्धन पूजा और भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। वर्ष 2024 में दिवाली के अगले दिन यानी 2 नवंबर और 3 नवंबर को गोवर्धन पूजा और भैया दूज मनाया जाएगा। गोवर्धन पूजा के दिन भगवान कृष्ण की पूजा की जाती है। इसी दिन भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को एक उंगली पर उठा लिया था। वहीं भैया दूज की बात करें तो इस दिन बहनें अपने भाई का टीका करती हैं और बदले में भाई उन्हें तोहफे देते हैं।

दिवाली के पांच मुख्य दिनों की तिथि



जैसा कि हमने पहले भी बताया कि दिवाली का यह त्यौहार 5 दिनों तक मनाया जाता है।

दिवाली का पहला दिन धनतेरस होता है जो 29 अक्टूबर 2024 को पड़ेगा।

दूसरे दिन छोटी दिवाली या नरक चतुर्दशी मनाते हैं जो की 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी

दिवाली का तीसरा दिन दिवाली या फिर लक्ष्मी पूजा के नाम से मनाया जाता है यह 1 नवंबर 2024 को पड़ेगा।

दिवाली का चौथा दिन गोवर्धन पूजा को समर्पित होता है यह 2 नवंबर 2024 को मनाया जाएगा और दिवाली का आखिरी दिन भाई दूज के रूप में मनाया जाता है और इस वर्ष यह 3 नवंबर 2024 को पड़ने वाला है।

दिवाली के त्यौहार के बारे में कहा जाता है कि, यह प्रकाश का पर्व है। साथ ही यह बुराई पर अच्छाई की जीत के जश्न के रूप में भी मनाया जाता है। इसे दिवाली, दीपावली के नाम से जानते हैं। दिवाली का यह त्यौहार कार्तिक मास की अमावस्या तिथि के दिन मनाया जाता है। कहते हैं इसी दिन भगवान श्री राम अपना 14 वर्षों का वनवास काटने के बाद वापस अयोध्या वापिस आए थे।

इस वर्ष दिवाली को लेकर अलग मत : बात करें अमावस्या तिथि की तो वर्ष 2024 में अमावस्या तिथि 31 तारीख को दोपहर 3:22 से शुरू हो रही है और यह 1 नवंबर को शाम 5:23 पर समाप्त हो जाएगी। इसके चलते 1 तारीख को अमावस्या तिथि प्रदोष और निशिथा काल को स्पर्श नहीं कर पाएगी जबकि 31 को प्रदोष काल से निशिथा काल तक व्याप्त रहेगी। ऐसे में शास्त्रों के अनुसार 31 अक्टूबर के दिन दीवाली उत्सव और लक्ष्मी पूजन करना सबसे अधिक फलदाई रहने वाला है क्योंकि दिवाली का पर्व तभी मनाना उत्तम रहता है जब प्रदोष से लेकर निशिथा काल तक अमावस्या तिथि रहे।

एस्ट्रो गुरु प्रमोद परियाल जी के अनुसार 'जो लोग ऑफिस इत्यादि में पूजा करना चाहते हैं, वह लोग 01 नवंबर को दिन में लक्ष्मी पूजा कर सकते हैं।'

दिवाली शुभ योग 2024

बात करें इस दिवाली पर बनने वाले शुभ योगों की तो कार्तिक मास की अमावस्या तिथि पर सुबह 10:41 तक प्रीति योग बनेगा, इसके बाद आयुष्मान योग का शुभ संयोग बन रहा है जो पूर्ण रात्रि तक रहेगा। दिवाली पर शिव वास योग का भी निर्माण होने जा रहा है। शिव वास योग शाम 6:16 से रहेगा वहीं स्वाति नक्षत्र का संयोग दिवाली पर बनने वाला है। कहते हैं इन योगों में अगर धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा की जाए तो इससे जीवन में हमेशा सुख और समृद्धि बनी रहती है और इनमें निरंतर वृद्धि होती है।

अधिक जानकारी : वर्ष 2024 में कार्तिक अमावस्या तिथि निशिथा मुहूर्त के साथ व्याप्त नहीं रहेगी। ऐसे में इस बार दिवाली पर रात्रि काल में लक्ष्मी पूजा नहीं हो पाएगी। कहते हैं कि निशिथा काल में देवी लक्ष्मी घर-घर जाती हैं और इस दौरान मां लक्ष्मी की पूजा करने से लक्ष्मी जी की सिद्धियां प्राप्त होती है। शास्त्रों के अनुसार और पंचांग के अनुसार ऐसा माना जाता है कि अगर स्थिर लग्न के दौरान लक्ष्मी पूजा की जाए तो लक्ष्मी जी घर में वास करने लगती हैं। वृषभ लग्न को स्थिर माना जाता है और दिवाली के त्यौहार के दौरान यह अधिकतर प्रदोष काल के साथ व्याप्त होता है। हालांकि वर्ष 2024 में दिवाली वाले दिन स्थिर लग्न मुहूर्त नहीं बन रहा है।

दिवाली का महत्व

बात करें दिवाली के इस भव्य त्यौहार के महत्व की तो, कहते हैं इसी दिन भगवान राम लंका पर विजय प्राप्त करके वापस अयोध्या लौटे थे। इस दिन से हर साल कार्तिक अमावस्या पर दिवाली का त्यौहार मनाया जाता है। दिवाली के दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा अर्चना की जाती है। इसके साथ ही भगवान राम के वापस अयोध्या आने की खुशी में दीप जलाए जाते हैं। हर साल कार्तिक अमावस्या के दिन दिवाली मनाई जाती है। इस दिन लोग घरों को रोशन करते हैं, दीपक जलाते हैं, लक्ष्मी पूजा करते हैं और अपने जीवन में हमेशा सुख समृद्धि और धन की कामना के लिए पूजा करते हैं।

दिवाली पर कैसे करें मां लक्ष्मी की पूजा

दिवाली के दिन मां लक्ष्मी पूजा की अलग विधि और नियम बताए गए हैं।

इस दिन लक्ष्मी जी की पूजा के लिए सबसे पहले पूर्व दिशा या फिर ईशान कोण में एक चौकी या एक पटरा रख दें।

अब इस पर लाल या फिर गुलाबी साफ वस्त्र बिछाएँ।

इस पर सबसे पहले गणेश जी की मूर्ति विराजित करें। इनके दाहिनी ओर मां लक्ष्मी जी की तस्वीर या मूर्ति रख दें।

अब आसान पर बैठें और अपने चारों ओर गंगाजल छिड़क लें। इसके बाद पूजा का संकल्प लें और फिर पूजा प्रारंभ करें।

भगवान गणेश को रोली, दूर्वा अर्पित करें और मां लक्ष्मी को सिंदूर अर्पित करें।

इसके बाद दोनों को फूल चढ़ाएँ, एक मुखी घी का दीपक प्रज्वलित करें।

इसके बाद मां लक्ष्मी और भगवान गणेश को प्रसाद अर्पित करें।

भगवान गणेश और मां लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करें।

अंत में आरती करें और शंखनाद करें।

पूजा के बाद घर के अलग-अलग हिस्सों में दीपक जलाएं।

इसके अलावा मुमकिन हो तो घर के अलावा किसी कुएँ के पास और मंदिर में भी दीप प्रज्वलित करें।

दिवाली पर मां लक्ष्मी की पूजा के लिए इन मंत्रों का जाप किया जा सकता है:

ह्रीं श्रीं लक्ष्मीभ्यो नम:

श्रीं ल्कीं महालक्ष्मी महालक्ष्मी एह्योहि सर्व सौभाग्यं देहि मे स्वाहा

श्री ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद ? श्रीं ह्रीं श्रीं ? महालक्ष्मयै नम:

धनदाय नमस्तुभ्यं निधिपद्माधिपाय च। भगवान् त्वत्प्रसादेन धनधान्यादिसम्पद:

दिवाली पूजा के समय भगवान गणेश का आवाहन करने के लिए इस मंत्र का जाप किया जा सकता है

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा

दिवाली का इतिहास

पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम ने राक्षस राजा रावण को हराने के बाद इसी दिन अयोध्या में वापसी की थी क्योंकि यह हिंदू कार्तिक महीने में अमावस्या का दिन था ऐसे में जिस रात को वापस अयोध्या आए अयोध्या में लोगों ने दिए जलाकर और अपने घरों को रंगोली से सजाकर भगवान राम का भव्य स्वागत किया था।

वहीं दूसरी ओर देखें तो दक्षिण भारत में लोग इस अवसर को उस दिन के रूप में मनाते हैं जब भगवान कृष्ण ने राक्षस नरकासुर को हराया था। इसके अलावा माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी का विवाह हुआ था।

पौराणिक किंवदंतियों के अनुसार कहा जाता है कि देवी लक्ष्मी का जन्म कार्तिक माह की अमावस्या तिथि के दिन ही हुआ था। इस दिन दुनिया भर में लोग रोशनी का यह त्यौहार बेहद ही खुशी और उत्साह के साथ मनाते हैं। हर घर में लोग बहुमूल्य वस्तुओं के साथ-साथ भगवान गणेश और माँ लक्ष्मी की पूजा करते हैं।

महालक्ष्मी का चाहिए आशीर्वाद तो दिवाली से पहले इन चीजों को घर से निकाल दें

दिवाली के कुछ दिनों पहले से ही लोग साफ सफाई में जुट जाते हैं। कहा जाता है मां लक्ष्मी केवल वहीं वास करती हैं जहां साफ सफाई होती है। यही वजह है कि दिवाली के आसपास साफ सफाई का खास महत्व होता है। ऐसे में आप भी कुछ बातों का विशेष रूप से ध्यान रखें। साफ सफाई के दौरान अगर आपको भी अपने घर में कुछ विशेष चीज नजर आयें तो इन्हें घर से निकाल दें अन्यथा आपको पूर्ण रूप से मां लक्ष्मी की कृपा नहीं मिल पाएगी। क्या कुछ हैं ये चीज़ें आगे बढ़कर जान लेते हैं-

टूटा हुआ कांच: वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर घर में टूटा हुआ कांच रखा है तो इस शुभ नहीं माना जाता है। यह कलह क्लेश की वजह बनता है। अगर घर में टूटा हुआ कांच है तो परिवार में आए दिन झगड़े होते रहेंगे। ऐसे में साफ सफाई के दौरान इसे तुरंत बाहर निकाल दें।

टूटे हुए बर्तन: घर में टूटे हुए बर्तन भी अशुभ माने जाते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार टूटे बर्तन सुख समृद्धि छीन लेते हैं और घर में कंगाली की वजह बनते हैं। साथ ही यह आर्थिक परेशानियों को भी न्योता देते हैं।

पुराने दिये: वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में पुराने दिये रखना भी शुभ नहीं माना गया है। ऐसे में दिवाली आने से पहले अपने घर से पुराने दिये बाहर निकाल दें और नए दिये ले आयें। आप चाहे तो पुराने दीयों का दान भी कर सकते हैं।

टूटा हुआ बेड : वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर घर में कोई पुराना या टूटा हुआ बेड पड़ा है तो उसे भी दिवाली आने से पहले निश्चित रूप से बाहर कर दें। इससे घर में पारिवारिक कलह, पति-पत्नी के बीच मनमुटाव और रिश्ते खराब होने की संभावना बढ़ जाती है।

बंद घड़ी: वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में रखी बंद घड़ी नकारात्मकता को न्योता देती है। साथ ही यह घर में मौजूद लोगों की असफलता का कारण भी बनती है। ऐसे में अगर आपके घर में भी बंद घड़ी पड़ी है तो इसे तुरंत बाहर निकाल दें।

क्या यह जानते हैं आप?

छोटी दिवाली के दिन यमदीप जलाने का सही नियम : छोटी दिवाली के दिन यमराज से नरक का द्वार बंद करने और अपने जीवन में सुख समृद्धि की मनोकामना करने के लिए यम दीपक जलाया जाता है लेकिन इससे पहले कुछ बातों का विशेष रूप से ध्यान रखना होता है।

यम का दीपक गोबर से बना हुआ होना चाहिए।

इसमें सरसों का तेल डालकर जलाएं।

इसमें एक बाती या चार बाती हो इस बात का विशेष ख्याल रखें।

इसके अलावा कोशिश करें कि घर के बुजुर्ग ही इस दीपक को जलाएं।

यह दिया शाम 7:00 बजे के बाद जलाएं।

इसमें तेल उचित मात्रा में डालें ताकि कम से कम यह दीपक 4 घंटे या उससे अधिक समय तक जलते रहे।

डा कनिका अग्रवाल
ज्योतिषाचार्य

एक्सप्रेस खबर

मॉडर्न स्कूल बाराखंबा, नई दिल्ली ने जीती 37वीं ऑल इंडिया आईपीएससी तैराकी ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी।



खबरी प्रशाद, पिलानी। बिरला पब्लिक स्कूल, पिलानी के तरण ताल में चल रही तीन दिवसीय अखिल भारतीय आईपीएससी तैराकी चैंपियनशिप का आज समापन हुआ । समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री आर सी जोशी, प्राचार्य , एल के सिंघानिया एजुकेशन सेंटर, गोटन तथा विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल (अवकाश प्राप्त) एस एस नायर , अति विशिष्ट सेवा मेडल , निदेशक , बिरला एजुकेशन ट्रस्ट , पिलानी थे । समापन समारोह का आरंभ अपराह्न ३:00 बजे मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के तरण ताल पर आगमन से हुआ । जहां पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती काजल मरवाह द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात कुछ टीम इवेंट के फाइनल्स हुए । इसके बाद समस्त उपस्थित प्रतिभागी, कोचेस, एस्कॉर्ट टीचर्स, मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि महोदय विद्यालय के विजय सभागार में उपस्थित हुए, जहां पर बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गई । प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा प्रतियोगिता के संयोजक आनंद सिंह राठौड़ ने की। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा विजेता प्रतिभागियों को और विजेता विद्यालय के दलों को ट्राफी , पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा, दिल्ली को प्राप्त हुई । ओवरऑल रनर अप ट्रॉफी द एमराल्ड हाइट्स इंदौर ने जीती। अंडर-19 की चैंपियनशिप ट्रॉफी और अंडर 17 की चैंपियनशिप ट्रॉफी मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा, दिल्ली तथा अंडर 14 की चैंपियनशिप ट्रॉफी द एमराल्ड हाइट्स, इंदौर ने जीती। सर्वश्रेष्ठ तैराक अंडर 14 रक्षित टोकस,सर्वश्रेष्ठ तैराक अंडर 17 अर्णव त्यागी और तनुष झाँझी, अंडर 19 सर्वश्रेष्ठ तैराक मास्टर ध्रुव बक्शी और प्रणव सिंह चुने गए। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा सभी सम्मानित पधारे हुए कोच, ऑफिशयल्स और स्कॉट टीचर्स को स्नेह भेंट और विद्यालय का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों की शानदार प्रस्तुति पर उन्हें बधाई दी । विजेताओं को बधाई देते हुए उन्होंने भविष्य के लिए और उच्चतम परिणाम लाने की अपेक्षा प्रकट की । उन्होंने इस शानदार प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बिरला पब्लिक स्कूल, पिलानी को बहुत-बहुत साधुवाद दिया , इसके साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की। समापन समारोह के अंत में विद्यालय के छात्र कैप्टन अविचल सिंह रावत ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। प्रतियोगिता का संचालन शब्द बरार और रुद्रांश दुबे ने किया । इस प्रतियोगिता के जनरल सेक्रेटरी श्री धर्मेंद्र नागल ने बताया कि प्रतियोगिता के अन्य परिणाम इस प्रकार रहे - 200 मीटर बटरफ्लाई अंडर 17 आरव त्यागी ,मॉडर्न स्कूल बाराखंबा दिल्ली, 200 मीटर फ्रीस्टाइल अंडर 17 जोहर सिंह गिल , वाईपीएस मोहाली , 100 मी बैकस्ट्रोक अंडर 17 रेहान सेजवाल, डीपीएस आरके पुरम दिल्ली , 100 मीटर फ्री स्टाइल अंडर 17 आरव दहिया , डीपीएस आरके पुरम दिल्ली , 50 मी ब्रेस्ट स्ट्रोक अंडर 17, गौरव टोकस ,डीपीएस आरके पुरम , 200 मीटर बटरफ्लाई अंडर 19 ध्रुव बक्शी , मॉडर्न स्कूल बाराखंबा दिल्ली, 200 मीटर फ्रीस्टाइल अंडर 19 ध्रुव बक्शी , मॉडर्न स्कूल बाराखंबा, 100 मी बैक स्ट्रोक अंडर 19 प्रणव सिंह, मॉडर्न स्कूल बाराखंबा, 100 मी फ्रीस्टाइल अंडर 19 एकज्योत सिंह कालरा द एमराल्ड हाइट्स इंदौर, 50द्व ब्रेस्ट स्ट्रोक अंडर 19 अबीर सिंह मेहता, डेली कॉलेज इंदौर , 100द्व बैकस्ट्रोक अंडर 14 ,सम्राज राठी , मॉडर्न स्कूल बाराखंबा, 100 द्व फ्रीस्टाइल अंडर 14 रक्षित टोकस , डीपीएस आरके पुरम , 50 द्व ब्रेस्ट स्ट्रोक अंडर 14 रुद्रांश सिंह, राजकुमार कॉलेज रायपुर , 200 मीटर बटरफ्लाई अंडर 14 अर्णव जौरा वाईपीएस मोहाली, 200 मीटर फ्रीस्टाइल अंडर 14 रक्षित टोकस डीपीएस आरके पुरम 1500 द्व फ्रीस्टाइल अंडर 19 आरव बोहरा , मॉडर्न स्कूल बाराखंबा , 800 द्व फ्रीस्टाइल अंडर 17 तनुष झांझी ,मॉडर्न स्कूल बाराखंबा, 100 द्व बटरफ्लाई अंडर 19 ध्रुव बक्शी मॉडर्न स्कूल बाराखंबा, 100 मीटर बटरफ्लाई अंडर 17 आरव त्यागी मॉडर्न स्कूल बाराखंबा, 100 मीटर बटरफ्लाई अंडर 14 अर्जुन मल्हान , द एमराल्ड हाइट्स इंदौर , 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले अंडर 19 प्रणव सिंह मॉडर्न स्कूल बाराखंबा, 200 मीटर व्यक्तिगत मेडल अंडर 17 आरव त्यागी मॉडर्न स्कूल बाराखंबा, 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले अंडर 14 रक्षित टोकस डीपीएस आरके पुरम दिल्ली, 50 द्व बैकस्ट्रोक अंडर-19 प्रणव सिंह मॉडर्न स्कूल बाराखंबा , 50 मीटर बैकस्ट्रोक अंडर 17 रेहान सेजवाल डीपीएस आरके पुरम , 50 मीटर बैकस्ट्रोक अंडर 14 सम्राज राठी मॉडर्न स्कूल बाराखंबा , 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक अंडर-19 कृषु टोकस द एमराल्ड हाइट्स इंदौर , 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक अंडर 17 तनय झांझी मॉडर्न स्कूल बाराखंबा , 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक अंडर 14 अपराज सिंह संधू राजकुमार कॉलेज रायपुर , 4 × 100 द्व मिडिले रिले अंडर 19 मॉडर्न स्कूल बाराखंबा , 4 × 200 मिडले रिले अंडर 17 मॉडर्न स्कूल बाराखंबा , 4 × 100 द्व मिडले रिले अंडर 14 द एमराल्ड हाइट्स इंदौर , 4 × 100 द्व फ्री स्टाइल रिले अंडर 17 मॉडर्न स्कूल बाराखंबा, 4 × 100 द्व फ्रीस्टाइल रिले अंडर 19 मॉडर्न स्कूल बाराखंबा और 4 × 100 द्व फ्री स्टाइल रिले अंडर 14 द एमराल्ड हाइट्स इंदौर ने जीती।

मिलावटी मिठाइयों से रहे सावधान, पुलिस के छापों से आई असलियत बाहर

खबरी प्रशाद

दिल्ली/प्रेरणा ढिंगरा। आप सब लोग जानते हैं की दिवाली का सीजन आ चुका है। ऐसे में हर एक व्यक्ति बाहर निकाल कर शॉपिंग करने में लगा हुआ है। नए कपड़े, पटाखे और मिठाइयों से रंगीन होने वाली है यह दिवाली। पर क्या आप जानते हैं कि ऐसे त्योहारों में अक्सर मिठाई के अंदर मिलावट देखने को मिलती है। जिससे आपकी सेहत पर गहरा असर पड़ सकता है। दिवाली जहां खुशियों का त्यौहार है वही दूसरी तरफ लोग इसे धंधा बनाने का एक जरिया भी समझ लेते हैं। तभी दिवाली पर मिठाई खरीदते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए। मिठाइयों का लेनदेन दिवाली के त्योहार पर परंपरा बना हुआ है और कई साल से लोग दिवाली वाले दिन एक दूसरे को मिठाई देकर अपने रिश्तों में मिठास लाने की कोशिश करते हैं। ताकि उनका रिश्ता हमेशा मजबूत बना रहे। ऐसे अवसर पर भी कई लोग झोल करके आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में आपको खुद ही पता लगाना होगा कि कौन सी मिठाई असली है और कौन सी मिठाई नकली।

मिठाइयों में होती है मिलावट

आज के समय में जैसे रिश्तो के अंदर मिलावट देखने को मिलती है वैसे ही मिठाइयों का भी हाल हो चुका है। लोक बाजार में जाते तो हैं तरह-तरह की मिठाई खरीदने पर निराश होकर वापस आना पड़ता है। ऐसे समय में आखिर किस पर भरोसा करें? सबसे पहले तो हमेशा याद रखें की मिलावट वाली मिठाई खाने से तबीयत बिगड़ सकती है, सेहत से जुड़ी गंभीर बीमारियां पनप सकती है। इसलिए दिवाली पर मिठाई खरीदते समय कुछ बातों को ध्यान में रखना होता है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है की दिवाली की मिठाई में मिलावट की पहचान कैसे करें? मिठाई खरीदते समय जब आप दुकान में जाए तो उसका एक छोटा सा टुकड़ा हाथ में लेले और उसे मसलकर देखें अगर रंग आपके हाथ में लग जा रहा है तब समझिए मिठाई में काफी मिलावट है। दूसरा तरीका है कि मिठाई का छोटा सा टुकड़ा पानी में मिलाकर देखें। अगर पानी में मिठाई का रंग घुल जाता है तो समझ जाइए की मिठाई में मिलावट है। खोया को भी टेस्ट करने का अपना एक तरीका होता है। खाया या मावे को अपने हाथ में लेकर चेक करें और अगर यह आपको टाइट लगे या रबर जैसी महसूस हो तो समझ जाइए कि उसमें मिलावट की गई है। दूध की मिठाइयों में अक्सर स्मेल आने लगती है इसलिए उसे हमेशा सूंघकर चेक करना चाहिए। असली मिठाई नरम और मुलायम होती है और नकली मिठाई कड़ी और कृत्रिम लग सकती हैं।

मिलावट वाली मिठाई खाने से क्या होगा?

मिलावटी मिठाई खाने से एलर्जी, उल्टी-दस्त, बुखार, पेट में इंफ़ेक्शन, फ़ूड पॉइज़निंग जैसी समस्याएं शरीर में हो सकती है। दूध की मिठाई में स्टार्च मिलाने से किडनी और लिवर पर गंभीर असर देखने को मिलता है। मिठाई में लगा वर्क उल्टी का कारण साबित होता है और पूरे शरीर को खराब कर देता है। पेट में इन्फेक्शन और स्किन एलर्जी तक देखने को मिलती है। मिठाई में केमिकल और दूध में साबुन या डिटर्जेंट का इस्तेमाल ज़्यादा होने से कैंसर तक बात पहुंच सकती है। सैक्रीन का इस्तेमाल भी मिठाई में किया जाता है, जिससे भी कैंसर हो सकता है। इसलिए मिलावटी मिठाई से रहे सावधान ना खुद खाए और ना ही किसी को खिलाए।

दुकानों में पड़े छापे

दिवाली के समय हमेशा हमें मीठे जहर को बांटने से बचना चाहिए। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए कई सारी दुकानों पर दिवाली से पहले पुलिस ने छापा भी मारा है। इसके बाद कई दुकानों की पोल भी खुली और मिठाई को जब्त किया गया। उत्तर प्रदेश के कन्नौज से की एक मामला सामने आया है, जहां 30 कुंटल से ज्यादा ऐसी मिठाई मिली जिसमें कई तरह की खामियां पाई गई है। इस मिठाई की कीमत करीब 15 लख रुपए मानी जा रही है।

वहां पर काम करने वाले लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हालांकि, फैक्ट्री का मालिक मौके से फरार होगया। पर जांच पड़ताल कर आगे कार्रवाई की जा रही है। पर सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि ऐसा पूरे देश में अभी देखने को मिल रहा है। इसलिए लोगों से गुजारिश है कि अपने भरोसेमंद दुकान से ही मिठाइयों की खरीदी करें ताकि किसी भी इंसान को कोई नुकसान ना हो।

हवा-हवाई 10 करोड़ सदस्य!!

खबरी प्रशाद। भारतीय जनता पार्टी ने आखिरकार 10 करोड़ सदस्य बना लिए। दो सितंबर को भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू हुआ था, जो 50 दिन तक चलना था। पिछले हफ्ते सदस्यता अभियान की आधिकारिक अवधि पूरी हो गई। अब पार्टी की ओर से बताया गया है कि उसने 10 करोड़ सदस्यों की सीमा पार कर ली है। ऐसी ही संख्या के आधार पर भाजपा का दावा रहा है कि वह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। उसका मुकाबला इस मामले में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से है, जिसके सदस्यों की संख्या आठ करोड़ से कुछ अधिक है। यानी भारतीय जनता पार्टी ने इस संख्या को बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया है। यह अलग बात है कि सदस्य बनाने के तरीकों को लेकर कई तरह के सवाल उठे हैं। कई जगह से ऐसी शिकायत है कि लोग टीका लगवाने गए और मोबाइल नंबर लेकर उनको सदस्य बना दिया गया। यह भी खबर है कि कहीं गुजरात के एक अस्पताल में आंख के ऑपरेशन के लिए लोग जमा हुए तो उनके नाम और नंबर लेकर ऑपरेशन से पहले ही उनको सदस्य बना दिया गया। खबर के मुताबिक आधी रात को एक व्यक्ति ने साढ़े तीन सौ लोगों को जगा कर उनके नंबर लिए और उनको सदस्य बना दिया। इस तरह की अनेक घटनाएं हुई हैं। फिर भी 10 करोड़ की संख्या बहुत बड़ी है और निश्चित रूप से बाकी पार्टियों को भाजपा से सीख लेनी चाहिए कि किस तरह से पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संगठन से जुड़े किसी न किसी काम में लगाए रहा जाता है।

खबरी प्रशाद
अभिव्यक्ति मंच

बरनाला में पुलिस-शिक्षकों के बीच झड़प, सांसद मीत हेयर के घर के बाहर उग्र प्रदर्शन

खबरी प्रशाद, बरनाला। बरनाला विधानसभा उपचुनाव के माहौल में सांसद मीत हेयर के घर के बाहर शिक्षकों और पुलिस के बीच तनावपूर्ण झड़पें देखने को मिलीं। अपनी मांगों को लेकर आदर्श विद्यालयों के शिक्षक यहां शांतिपूर्वक धरना देने पहुंचे थे, लेकिन प्रदर्शन के दौरान स्थिति उग्र हो गई। नाराज शिक्षकों ने पुलिस बैरिकेड्स को तोड़ दिया, जिससे पुलिस के साथ जोरदार धक्का-मुक्की हुई और कई शिक्षक घायल हो गए। प्रदर्शन में शामिल किसान संगठनों ने भी शिक्षकों के समर्थन में पंजाब सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

प्रदर्शन के दौरान घायल हुई अध्यापिका सुखदीप कौर सरहान ने बताया कि वे शांतिपूर्वक धरना देने के लिए सांसद के घर के पास पहुंचे थे, लेकिन पुलिस की ओर से धक्का-मुक्की के चलते कई शिक्षक घायल हो गए। उन्होंने इसे पुलिस की सख्ती बताया और कहा कि उनके शांतिपूर्ण प्रदर्शन को दबाने का प्रयास किया गया है।



प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने बताया कि वे कई वर्षों से बेहद कम वेतन पर आदर्श स्कूलों में कार्यरत हैं और अपनी वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। शिक्षकों ने कहा कि इस मुद्दे पर वे शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री, और मुख्यमंत्री की पत्नी के साथ कई बार बैठक कर चुके हैं, लेकिन हर बार उनकी मांगें टाल दी जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी फाइलें मुख्यमंत्री की टेबल पर तीन साल से लंबित हैं और किसी भी प्रकार का समाधान नहीं निकाला गया है।

शिक्षकों का कहना है कि वर्तमान में ग्रेड तीन या अन्य शिक्षकों का वेतन मात्र 10-12 हजार रुपये है, जिससे महंगाई के इस दौर में गुजारा करना मुश्किल हो गया है। वे सरकार की स्कूल ऑफ एमिनेंस और खेल कार्यक्रमों की पहल का स्वागत करते हैं, लेकिन सवाल उठाते हैं कि आदर्श विद्यालयों की मांगें अब भी अनसुनी क्यों हैं।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की है कि उनकी दीवाली की खुशियां अधूरी न रहें और उन्हें वेतनवृद्धि का तोहफा दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे।

बिरला स्कूल पिलानी का 124वां वार्षिकोत्सव 'अभिव्यक्ति': कला, संस्कृति और प्रतिभा का अनूठा उत्सव'

बिरला स्कूल पिलानी का 124वाँ वार्षिकोत्सव 26 अक्टूबर 2024 को संपन्न हुआ।

खबरी प्रशाद, पिलान। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महोदय, अति विशिष्ट अतिथि, डायरेक्टर बिरला शिक्षा संस्थान द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा (प्रोमेथियस स्कूल, नोएडा के संस्थापक, अध्यक्ष और सीईओ, कई स्टार्टअप्स के संस्थापक और निवेशक , पूर्व छात्र बिरला स्कूल पिलानी , बैच 1991), अतिविशिष्ट अतिथि विंग कमांडर मनजीत चौधरी (पूर्व छात्र , 1999 बैच), एस एस नायर (निदेशक, बिरला शिक्षा संस्थान, रिटायर्ड मेजर जनरल, ए वी एस एम), द्वारा शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया। इस बार विद्यालय द्वारा वार्षिकोत्सव का आयोजन चार चरणों में किया गया। वार्षिकोत्सव का प्रथम चरण - आउटडोर डिसप्ले (प्रात: 8:30 बजे-बिरला स्कूल पिलानी, डे विंग सीनियर), द्वितीय चरण : शैक्षिक प्रदर्शनी (अपराह्न 12:30 बजे, डे विंग सीनियर , कॉमन हॉल), तृतीय चरण-कला प्रदर्शनी (शाम 5:15 बजे, रेजिडेंशियल विंग), चतुर्थ चरण-सांस्कृतिक कार्यक्रम (शाम 6:00 बजे , रेजिडेंशियल विंग, स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स) में सम्पन्न हुआ ।

विद्यालय के प्राचार्य धीरेन्द्र सिंह जी ने वार्षिक प्रतिवेदन का पठन करते हुए विद्यालय की वर्ष- भर की उपलब्धियों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव, उत्सव होता है वर्षभर में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों का। इस उत्सव के माध्यम से अभिभावक अपने बालकों के व्यक्तित्व के उन अनछुए पहलुओं से परिचित होते हैं, जिनसे वे अनभिज्ञ थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एस पी आनंद ने बताया कि इस वार्षिकोत्सव में



आउटडोर डिसप्ले के अन्तर्गत विद्यार्थी अनुशासन, समन्वय, समूह -भावना, शारीरिक लचीलापन एवं शारीरिक संतुलन का प्रदर्शन पी. टी., ऐरोबिक्स, जुडो, लेजियम के माध्यम से किया गया,वहीं बैंड वादन का प्रदर्शन भी छात्र-छात्राओं के समूह द्वारा किया गया ।

आउटडोर डिस्प्ले का मुख्य आकर्षण फायर रिंग जिमनास्टिक रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने जलते हुए रिंग में से छलांग लगाई; यह एक रोमांच भरा पल रहा । वरिष्ठ अकादमी समन्वयक वी के मिश्रा (डे विंग सीनियर) एवं पी सी घीडियाल (रेजिडेंशियल विंग) ने जानकारी दी कि कला एवं शैक्षिक प्रदर्शनी के अन्तर्गत विद्यार्थी चित्रकला, भित्तिचित्रकला, क्राफ्ट आदि का प्रदर्शन किया गया साथ ही गणित, विज्ञान, भूगोल, कम्प्यूटर आदि विषयों में सीखे गए अपने ज्ञान का प्रदर्शन, विद्यार्थियों द्वारा मॉडल - निर्माण कर किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हें - मुन्नों का डांस रहा, वहीं 'सुस्वागतं' शास्त्रीय - नृत्य एवं सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' एवं रॉक डांस (रेजिडेंशियल विंग) की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

इंग्लिश प्ले (दी क्वालिटी ऑफ मर्सी) के माध्यम से दया एवं क्षमा के महत्त्व के बारे में बताया गया वहीं खंभा थॉइबी मणिपुरी डांस में लोककला की झलक दिखाई । हिंदी नाटक 'एक भारत , श्रेष्ठ भारत , युवा भारत' ने पुरातन से अधुनातन भारत की झलकियाँ प्रस्तुत की ।

' हम वीर सिपाही हैं , चट्टानों से हम ना डरेंगे 'देशभक्ति गीत एवं रॉक बैंड के साथ मनमोहक गीतों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । कार्यक्रम की अन्तिम प्रस्तुति 'फॉकल डांस' रही , जिसमे भारत के भिन्न-भिन्न प्रांतों के नृत्य परंपरा को दिखाया गया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया । विद्यालय के इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में पवन वशिष्ठ (प्राचार्य, बिरला शिशु विहार), डॉ. एम. कस्तूरी (प्रबंधक, बिरला बालिका विद्यापीठ), अचला वर्मा (प्रभावी प्राचार्य , बिरला बालिका विद्यापीठ), काजल मारवाहा (प्राचार्या, बिरला पब्लिक स्कूल), एस के बरार (प्रधानाध्यापक , बिरला पब्लिक स्कूल) भूपन शर्मा (प्रधानाध्यापक, डे विंग जूनियर) भी उपस्थित रहे । विद्यालय के हैड बॉय आदित्य श्योराण , हैड गर्ल नवधा कौशिक (डे विंग सीनियर), स्निग्ध नील रॉय (हैड बॉय, रेजिडेंशियल विंग) द्वारा विद्यालय की छात्र परिषद की तरफ धन्यवाद ज्ञापन किया गया

मेरे जेल जाते ही 'जय भीम योजना' बंद करा दी, हमने दोबारा चालू कराई : केजरीवाल

इशारों इशारों में भाजपा पर साधा निशाना

खबरी प्रशाद, दिल्ली। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का कहना है कि जब वह जेल गए तो जय भीम योजना बंद करा दी गई। लेकिन, उन्होंने इसे दोबारा चालू करा दिया है। यह योजना गरीब छात्रों को निशुल्क कोचिंग प्रदान कराती है। केजरीवाल रविवार को दक्षिण दिल्ली में बाबा नगर सेन की शोभायात्रा में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने कहा कि बाबा नगर सेन ने बहुत सामाजिक और धार्मिक काम किए। बाबा नगर सेन को सिर्फ दलित समाज ही नहीं बल्कि सभी समाज के लोग पूजते हैं।



उन्होंने कहा कि इंजीनियर, डॉक्टर, सीए या वकील बनने के लिए एंट्रेंस के पेपर देने पड़ते हैं। उसमें कोचिंग होती है। जैसे 12वीं के बाद मैंने इंजीनियरिंग की थी, मैंने भी कोचिंग ली थी। लेकिन, कोचिंग बहुत महंगी है। उसमें 2.50 से 4 लाख रुपए लगते हैं। एक गरीब आदमी इतने पैसे कहां से लाएगा। एक गरीब आदमी का बच्चा तो होशियार है। लेकिन, पैसे की कमी की वजह से वह कोचिंग नहीं ले पाता और दूसरों से पिछड़ जाता है। इसलिए, हमारी सरकार ने स्कीम बनाई कि दलित समाज के जो बच्चे कोचिंग लेना चाहते हैं। आप कोचिंग इंस्टीट्यूट में दाखिला ले लो, आपका सारा खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उसी तरह ग्रेजुएशन करने के बाद अगर आप रेलवे, बैंकिंग, आईएएस, आईपीएस के पेपर देना चाहते हैं या फिर इसी तरह की कोई भी प्रतियोगी परीक्षा देना चाहते हैं और अच्छी नौकरी पाना चाहते हो, उसमें भी कोचिंग करनी पड़ती है, जिसमें 5-6 लाख रुपए लगते हैं। तो, आप कोचिंग इंस्टीट्यूट में दाखिला ले लो, उसका सारा खर्च दिल्ली सरकार देगी, आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। इन्होंने मुझे जेल में डाल दिया था। जब मैं जेल में गया तो मेरे पीछे से इन्होंने जय भीम योजना बंद करा दी थी। लेकिन, आप चिंता मत करो। मैंने जेल से बाहर आने के बाद यह योजना पिछले हफ्ते दोबारा शुरू कर दी थी।

उन्होंने यह भी कहा कि मैं चाहता हूं कि आपके बच्चे आगे बढ़कर खूब तरक्की करें। पढ़ेंगे तभी तरक्की करेंगे। पढ़ाई का कोई विकल्प नहीं है। अपने बच्चों को पढ़ाओ। पहले था कि गरीबी की वजह से नहीं पढ़ा सकते थे। अब पैसे की चिंता करने की जरूरत नहीं है। बारहवीं तक सरकारी स्कूलों में शिक्षा मुफ्त है और बारहवीं के बाद आपका सारा इंतजाम हम लोगों ने कर दिया है। आपको बिल्कुल चिंता करने की जरूरत नहीं है।



खबरी प्रशाद आज का पंचांग

28 अक्टूबर का पंचांग। कार्तिक कृष्ण पक्ष की उदया तिथि एकादशी और सोमवार का दिन है। एकादशी तिथि सोमवार सुबह 7 बजकर 51 मिनट तक रहेगी, उसके बाद द्वादशी तिथि लग जाएगी। रमा एकादशी का व्रत किया जाएगा।

सूर्योदय-सूर्यास्त का समय

सूर्योदय- सुबह 6: 31 एएम
सूर्यास्त- शाम 5: 38 पीएम



डॉ. कनिका अग्रवाल
एस्ट्रोलोजर
वास्तु एक्सपर्ट
95993 15275

मेष : (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): आज आप कोई दिल टूटने से बचा सकते हैं। अपने साथी को यूँ ही हमेशा के लिए मिला न मानें। सेमिनार और प्रदर्शनी आदि आपको नई जानकारियाँ और तथ्य मुहैया कराएंगे। आपके जीवनसाथी के लबों की मुस्कान पल भर में आपका सारा दर्द ग़ायब करने की क़ाबिलियत रखती हे। जानकारियाँ और तथ्य मुहैया कराएंगे।

वृषभ : (इ उ एओ वा वी वू वे वो):उधार मांगने वाले लोगों को नजरअन्दाज करें। आपके जीवन-साथी की लापरवाही संबंधों में दूरी बड़ा सकती है। साथ में अपना कीमती समय बिताएँ और मीठी यादों को फिर से ताजा करें, ताकि पुराने दिनों को फिर से वापस लाया जा सके। प्रेम-संबंध में गुलाम की तरह व्यवहार न करें। यात्राओं से व्यवसाय के नए मौके मिलेंगे।

मिथुन: (क की कू घ ङ छ के को ह): आज आपको दूसरों की जरूरतों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। हालाँकि बच्चों को ज्यादा छूट देना आपके लिए समस्या खड़ी कर सकता है। आज आपकी मुस्कान बेमानी है, हँसी में वो खनक नहीं है, दिल धड़कने में आनाकानी कर रहा है; क्योंकि आप किसी खास के साथ की कमी महसूस कर रहे हैं। अपनी पेशेवर क्षमताओं को बड़ाकर आप करिअर में नए दरवाजे खोल सकते हैं।

कर्क: (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कुछ ऐसी घटनाएँ आपकी परेशानी का कारण बन सकती हैं, जिन्हें टालना मुमकिन न हो। लेकिन आप खुद को शांत बनाए रखें और हालात से निपटने के लिए तुरंत प्रतिक्रिया न करें। परिवार के सदस्यों के साथ कुछ आराम के पल बिताएँ। किसी साझीदारी वाले व्यवसाय में जाने से बचें - क्योंकि मुमकिन है कि भागीदार आपका बेजा फायदा उठाने की कोशिश करें।

सिंह: (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आर्थिक तौर पर सुधार तय है। परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा। आप आज प्यार की मनोदशा में होंगे- और आपके लिए काफी मौके भी होंगे। आप जीतोगे मेहनत और धीरज के बल पर अपने उद्देश्य हासिल कर सकते हैं। परिवार की जरुरतों को पूरा करते-करते आप कई बार खुद को वक्त देना भूल जाते हैं।

कन्या: (टो प पी पू ष ण ठ पे पो) अगर सफर कर रहे हैं तो अपने कीमती सामान का विशेष ध्यान रखें अगर आप ऐसा नहीं करते तो सामान के चोरी होने की संभावना है। पारिवारिक सदस्यों के साथ सुकून भरे और शांत दिन का लुत्फ लें। अगर लोग परेशानियों के साथ आपके पास आएँ तो उन्हें नज़रअंदाज करें और उन्हें अपनी मानसिक शांति भंग न करने दें।

तुला: (रा री रू रे रो ता ती तू ते): लाभ लेने के लिए बडों को अपनी अतिरिक्त ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर आज आप भविष्य के लिए कोई आर्थिक योजना बना सकते हैं और उम्मीद है कि यह योजना सफल भी होगी। घर का कुछ समय से टलता आ रहा काम-काज आपका थोड़ा वक्त ले सकता है।

वृश्चिक: (तो ना नी नू ने नो या यी यू): याद रखें - यह शरीर तो एक-न-एक दिन मिट्टी में मिलने वाला है, अगर यह किसी के काम न आ सके तो इसका क्या फायदा? जल्दबाजी में फैसले न लें- खासतौर पर अहम आर्थिक सौदों में मोलभाव करते वक्त। पुराने परिचितों से मिलने-जुलने और पुराने रिश्तों को फिर से तरोताजा करने के लिए अच्छा दिन है।

धनु : ये यो भा भी भू धा फा ढ़ा भे): जीवन की गाड़ी को अच्छे से चलाना चाहते हैं तो आज आपको पैसे की आवाजाही पर विशेष ध्यान देना होगा। आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जो न केवल आपको बल्कि आपके परिवार को भी रोमांचित कर देगी। आपको अपने रोमांच को नियंत्रित रखने की जरूरत है।

मकर: (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): कुछ ऐसी घटनाएँ आपकी परेशानी का कारण बन सकती हैं, जिन्हें टालना मुमकिन न हो। लेकिन आप खुद को शांत बनाए रखें और हालात से निपटने के लिए तुरंत प्रतिक्रिया न करें। आज धन लाभ होने की संभावना तो बन रही है लेकिन ऐसा हो सकता है कि अपने गुस्सैल स्वभाव के कारण आप पैसा कमाने में सक्षम न हो पाएं।

कुंभ : (गू गे गो सा सी सू से सो द): अपनी जिंदगी और सेहत का सम्मान करें। आप अपनी रचनात्मक प्रतिभा को सही तरीके से इस्तेमाल करें तो वह काफी फायदेमंद साबित होगी। अपने दिल की बात ज़ाहिर करके आप खुद को काफी हल्का और रोमांचित महसूस करेंगे। काम की अधिकता के बावजूद भी आज कार्यक्षेत्र में आपमें ऊर्जा देखी जा सकती है।

मीन: (दी दू थ झ ञ दे दो च ची): लम्बी यात्रा के लिहाज से आपने सेहत और ऊर्जा-स्तर में जो सुधार किए हैं, वे काफी फायदेमंद रहेंगे। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद आप थकान के चंगुल में फँसने से बचे रहेंगे। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं। जो भी बोलें, सोच-समझकर बोलें।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक हिमांशी महेश्वरी द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प) लिमिटेड , प्लॉट नं सी-5 , इंस्टीट्यूशनल एरिया सेक्टर 6, पंचकूला-134109, हरियाणा से मुद्रित करवाकर #1026 , सेक्टर 12ए , पंचकूला 134109 हरियाणा से प्रकाशित किया। संपादक-रितेश महेश्वरी
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार सभी विवादों का निपटारा पंचकूला के न्यायालय क्षेत्र में होगा।

एक्सप्रेस खबर

गिक ग्रेवाल अदाकारा ने वार्ड पंच से किया राजनीतिक सफर शुरु

खबरी प्रशाद



गिक ग्रेवाल कलाकार जिसने स्टेज प्ले, फिल्मो, म्युजिकल एल्बम से नाम कमाया और उसने इस बार पंचायत के चुनाव मे पंजाब के सिसवा से 4 नम्बर वार्ड से पंच के उम्मीदवार के लिए नामांकन भरा और फिर बहुमत से जीत हासिल की। यह उनका राजनीतिक क्षेत्र मे पहला कदम था। उस ने अपना चोन निशान घड़ी रखा, जब उनसे चोन निशान घड़ी रखने के बारे मे पूछा गया तो उन्होंने बताया घडी जो निरंतर चलती रहती है वह भी उन घडीयो की सुईयो की तरह लगातार लोगो के काम और विकास करके आगे बढ़ना चाहती है। वह सिसवा के लोगो की निस्वार्थ सेवा करना चाहती है और कही भी काम मे करप्शन नज़र आई तो उसे जड से मिटाने का संकल्प लेती है। वह एनिमल प्रेमी है और 18-20 डॉग को रोज भोजन कराना उसकी दिनचर्या का हिस्सा है। वह कहती है कि आसपास जंगल होने कि वजह से शहर से लोग शिकार करने आते है और वह इस पर प्रतिबंध लगाने की पूरी कोशिश करेगी और इलाके के लोगो की निस्वार्थ भाव से सेवा मे जीवन व्यतीत करेगी और जो भी नई समस्या आगे आएगी उसका समाधान करने की भरपूर कोशिश करेगी।

तोशाम में आयोजित सेवानिवृत कर्मचारीयों के त्रिवार्षिक सम्मेलन में नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

खबरी प्रशाद (दीपक माहेश्वरी) तोशाम। शनिवार को स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में सेवानिवृत कर्मचारियों का पांचवा त्रिवार्षिक सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें पिछली कार्यकारी ने पिछले तीन वर्ष का लेखा-जोखा पेश किया और नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान सम्मेलन की अध्यक्षता सेवानिवृत कर्मचारी महावीर शर्मा ने की। सम्मेलन में जिला की तरफ से प्रधान सुंदर सिंह कोच, सचिव नरेश शर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान कमल सिंह सागवान तथा प्रांतीय महासचिव रतन जिंदल भी शामिल हुए। इस दौरान गठित नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से अभयराम टाला को प्रधान चुना गया वहीं उप प्रधान सुभाष गक्खड़ व प्रताप सिंह आलमपुर तथा सचिव रामफल भारीवास चुने गए। इसी कड़ी में सहसचिव रतीभान, हरनाम सिंह कोषाध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह तथा मास्टर सतबीर सिंह खरकड़ी माखवान, सुमेर सिंह पटौदी, पुरुषोत्तम गॉड, महावीर शर्मा सहित सेवानिवृत कर्मचारियों की सर्व समिति से नई कार्यकारिणी गठित की गई। इस अवसर पर मास्टर जग रोशन, मंगतूराम, राम कुमार, दिलबाग सिंह, इंद्र सिंह, व दलबीर सिंह आदि मौजूद थे।

डीएपी खाद के लिए किसान हुआ बदहाल, थाने में किसानों की लाइन लगवाकर बांटी खाद



खबरी प्रशाद (दीपक माहेश्वरी) तोशाम। पटौदी को ऑपरेटिव सहकारी समिति बैंक में डीएपी खाद आने की सूचना मिलते ही किसानों ने बैंक के आगे लाइन लगानी शुरू कर दी। किसानों की ज्यादा संख्या होने से हंगामा देख थो?ी देर बाद बैंक कर्मी तोशाम थाने में पहुंच गए। इसके बाद किसान भी वहीं पहुंचे। बैंक कर्मियों ने थाने में किसानों की लाइनें लगवाकर खाद बांटी।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से किसानों को डीएपी खाद की कमी का सामना करना पड़ रहा। रबी सीजन की मुख्य नकदी फसल सरसों की बिजाई का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। ऐसे में इस समय किसानों को डीएपी खाद की सख्त जरुरत है, परंतु डीएपी नहीं मिलने के कारण किसानों को भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। पटौदी को ऑपरेटिव सहकारी समिति बैंक में 15 सौ के खरीद डीपीए खाद के बैग आए थे। खाद की सूचना मिलते ही किसानों ने लंबी लाइन लगा दी। खाद से ज्यादा किसानों की संख्या हो गई। एक किसान को आधार कार्ड पर 2 बैग खाद के मिल रहे थे। किसानों की ज्यादा संख्या देख खाद वितरण करने वाला कर्मी ?रीबन 12 बजे थाने पहुंचा, किसान भी थाने पहुंचे। इसके बाद किसानों ने थाने में लाइन लगाकर खाद ली। किसानों का कहना है कि उन्हें डीएपी खाद लेने के लिए काफी मशक्त करनी प? रही है। सुबह से लाइन में लगे हुए हैं अब भी भरोसा नहीं है कि खाद मिलेगी या नहीं।

दिवाली के पर्व धन, समृद्धि और सुख-शांति का प्रतीक है : सोहन



खबरी प्रशाद, बाबैन। दिवाली भारत का एक महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध त्योहार है जो अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान, और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। रामायण से जुड़ा होने के कारण दिवाली के पर्व का महत्व धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक तौर पर माना जाता है। दिवाली माता लक्ष्मी जो धन, समृद्धि और सुख-शांति की देवी मानी जाती हैं की पूजा कर अपने घरों में खुशहाली की कामना करते है। लोगों का मानना हैं कि इस दिन देवी लक्ष्मी घरों में प्रवेश करती हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं। दिवाली के पावन पर्व को लोग अपने परिवार के साथ धूमधाम से मनाते हैं और एक-दूसरे के घर मिठाइयां और उपहार बांटते हैं, जिससे आपसी स्नेह और बंधन और मजबूत होते हैं। उपरोक्त शब्द आदर्श स्कूल बरगट जाटान के चेयरमैन सोहन लाल सैनी ने प्रेस क्लब बाबैन द्वारा आयोजित दिवाली मिलन समारोह के अवसर पर उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच एसोसिएशन जिला कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष जितेन्द्र खैरा ने की। इस अवसर पर समाजसेवी राजीव गुढ़ी व भाजपा मंडल बाबैन के महासचिव किशोरी लाल वशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर जितेन्द्र खैरा ने कहा कि दिवाली के पर्व पर हम सब को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें दिवाली पर पटाखे नहीं चलाने चाहिए बल्कि मिट्टी के दीये जलाकर इस त्यौहार को मनाना चाहिए ताकि लोगों के व्यवसाय को भी बल मिल सके। उन्होंने कहा कि हम सब को प्रण लेना चाहिए कि वे दिवाली पर पटाखे नहीं चलाएंगे और अन्य को भी पटाखे न चलाने के लिए प्रेरित करेगे।

जिले की मंडियों में अब तक 9 लाख 49 हजार मीट्रिक टन धान की हुई आवक:राजेश

- उपायुक्त ने कहा- प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य किया जा चुका

प्रशाद, कुरुक्षेत्र



उपायुक्त राजेश जोगपाल ने बताया कि जिला में धान की खरीद का कार्य जारी है। गत दिवस तक जिले की मंडियों में 9 लाख 49 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद सरकारी व निजी एजेंसियों द्वारा की गई। खरीदी गई धान का उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। गत दिवस तक 7 लाख 91 हजार मीट्रिक टन धान का उठान कार्य किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शेष धान उठान का कार्य शीघ्र अति शीघ्र कर लिया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में 22 मंडियां है, जिनमें यह खरीद का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक 83 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य किया जा चुका है और 83 प्रतिशत किसानों को धान की अदायगी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि किसानों को अब तक 1790 करोड़ रुपए की राशि की अदायगी हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 7 लाख 41 हजार मीट्रिक टन धान, हैफेड द्वारा 2 लाख 7 हजार मीट्रिक टन धान खरीदा गया। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे धान को सुखाकर मंडियों में लेकर आएं ताकि उन्हें फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

महिला पुलिसकर्मी की वजह से हरियाणा पुलिस ने काटे राजस्थान रोडवेज बसों के धड़ाधड़ चालान



खबरी प्रशाद (केशव माहेश्वरी) चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस और राजस्थान रोडवेज के बीच तनातनी का कारण बनी एक घटना ने दोनों राज्यों में हलचल मचा दी है। बीते दिनों एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें हरियाणा पुलिस की एक महिला सिपाही, वर्दी में सफर कर रही थी। जब कंडक्टर ने उससे टिकट कटवाने को कहा, तो उसने इनकार करते हुए कहा, मैं पुलिस वाली हूं, टिकट नहीं लूंगी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ।

वीडियो के वायरल होते ही हरियाणा पुलिस ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और राजस्थान रोडवेज की बसों के चालान काटने का सिलसिला शुरू कर दिया। शनिवार को हरियाणा पुलिस ने राजस्थान रोडवेज की कई बसों के चालान काटे, जिससे चंडीगढ़ से लेकर जयपुर तक हड़कंप मच गया। चालान काटने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है।

इस घटना के बाद लोग अनुमान लगा रहे हैं कि जब हरियाणा रोडवेज की बसें राजस्थान में प्रवेश करेंगी, तो राजस्थान पुलिस भी जैसे को तैसा के सिद्धांत पर चलते हुए हरियाणा रोडवेज के बसों के चालान काट सकती है।

500 ग्राम अफीम के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

खबरी प्रशाद कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ बेचने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने नशीला पदार्थ बेचने के आरोप में बिटटु कुमार वासी गांव सगारथ जिला कटिहार बिहार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 अक्टूबर को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल के मार्ग-निर्देश में उप निरीक्षक ऋषिपाल, सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार, संजीव कुमार व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही देवेन्द्र कुमार की टीम अपराध तलाश मे शनि देव मंदिर के सामने उमरी चौक के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि पुरषोतम कुमार ट्रक पर ड्राईवरी करता है व अनिल कुमार ट्रक पर हैल्पर की नौकरी करता है। जो ये दोनों लुधियाना से अपने ट्रक पीबी-11-सी आर-4285 में सामान लोड करके हरियाणा व पंजाब से बिहार, अगरतला मणिपुर, कलकता व झारखंड जाते हैं और सामान लोड करके वापिस आते समय ट्रक मे अफीम लेकर आते हैं । जो प्रशोतम कुमार व अनिल कुमार अपने ट्रक मे सामान लोड करके हरियाणा से होते हुए पंजाब मे जायेंगे। अगर उमरी चौक पर नाकाबन्दी करके ट्रक की तलाशी ली जाये तो ट्रक मे से काफी मात्रा मे अफीम मिल सकती है जिस सूचना पर पुलिस टीम ने उमरी चौक पर नाकाबन्दी करके चैकिंग शुरू कर दी थी। मौका पर राजपत्रित अधिकारी परमजीत सिंह नायब तहसीलदार कुरुक्षेत्र को बुलाया गया था। थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को ट्रक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने ट्रक को रोककर शक के आधार पर नामपता पूछने पर ड्राईवर ने अपना पुरषोतम कुमार वासी ढकाला जिला पटियाला तथा हैल्पर ने अपना नाम अनिल कुमार वासी बलवाही जिला शिपोल बिहार बताया था। पुलिस टीम द्वारा राजपत्रित अधिकारी के सामने ट्रक की तलाशी लेने पर उनके कब्जा से 500 ग्राम अफीम बरामद हुई थी। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर थानेसर में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया था। जिन्होने पूछताछ के दौरान बताया था कि वह यह नशीला प्रदार्थ बिटटु कुमार वासी गांव सगारथ जिला कटिहार बिहार से खरीद कर लाये है। पुलिस ने आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके जेल भेज दिया था। उप नि. रणधीर सिह, सुरेन्द्र कुमार, लख्खन सिह व प्रदीप कुमार की टीम ने नशीला प्रदार्थ बेचने के मुख्य आरोपी बिटटु कुमार वासी गांव सगारथ जिला कटिहार बिहार को गांव सगारथ जिला कटिहार बिहार से काबू करके गिरफतार कर लिया है। जिसने नशीला प्रदार्थ बेचने के पैसों 5 हजार रूपये पुलिस को बरामद करवा दिये है। पुलिस ने आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके जेल भेज दिया है।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण का हुआ जोरदार स्वागत

खबरी प्रशाद, कुरुक्षेत्र



हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि पिछले 10 वर्षो में कुरूक्षेत्र का विकास की दृष्टि से रुतबा बढ़ा हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा की 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से आगे विकास कार्यो को करवाते हुए हरियाणा उन्नति के पथ की ओर अग्रसर होगा।

विधानसभा अध्यक्ष रविवार को पैराकीट पहुंचे थे और यहां पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण का पूर्व शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा, इन्द्री विधायक राम कुमार कश्यप के साथ-साथ भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर व फुल मालाएं पहनाकर भव्य अभिनंदन किया।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने इस मौके पर बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का जो दायित्व उन्हें सौंपा है उसके लिए वे उनका धन्यवाद करते हैं। जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई हैं वे उसका बखूबी निर्वहन करेंगे। इसके साथ-साथ उन्होंने सर्वसम्मति से माननीय अध्यक्ष का चुनाव करवाने के लिए विधानसभा सदस्यों व विधायकों का भी धन्यवाद किया हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं व आम जन के आशीर्वाद से भाजपा की हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनी हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए जाएगें।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि आने वाले समय को देखते हुए और समय की जरूरत के अनुसार जब परसीमन लागू हो जाता है तो विधायकों व सांसदों की संख्या बढ़ जाती हैं। केन्द्र ने इस नाते नए संसद भवन को बनाने का काम किया हैं। इसी तर्ज पर हरियाणा में भी नए विधानसभा भवन बनाने की आवश्यकता हैं। इस कार्य के दृष्टिगत प्रक्रिया चल रही है, नया विधानसभा भवन (परिसर) बने यह मेरी प्राथमिकता भी हैं। युवा वर्ग व महिला जनप्रतिनिधियों का अधिक चुना जाना समाज के लिए एक अच्छी शुरुआत हैं। सार्थक दिशा में देश व प्रदेश आगे बढेगा। हमारा देश युवा देश है और इनके प्रतिनिधित्व का सभी को लाभ भी होगा। महिला जनप्रतिनिधियों के चुने जाने से महिला सशक्तिकरण को जहां बढ़ावा मिला है वही महिलाओं से संबंधित जो फैसले है उन्हें भी लेने में आसानी होगी।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि विधायकों के लिए ओरिटेंशनल कैम्प व वर्कशॉप लगाई जाएगी, ताकि उन्हें विधानसभा से संबंधित सभी नियमों व विधायी कार्यो के बारे में सम्पूर्ण जानकारी हो। उन्होंने यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व अन्य द्वारा जो उनका मान सम्मान उसके लिए उनका दिल की गहराईयों से धन्यवाद किया।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने इस मौके पर यह भी कहा कि पूर्व शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा से उनकी पुरानी मित्रता हैं। सुभाष सुधा ने कुरुक्षेत्र को विकास की दृष्टि से आगे ले जाने में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। आगे भी कुरुक्षेत्र और विकसित हो इस दिशा में उनके सहयोग के साथ कार्य किए जाएगें।

इस मौके पर पूर्व शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने विधानसभा अध्यक्ष का पहुंचने पर स्वागत किया और कहा कि हरविन्द्र कल्याण ने बड़े सरल, मृदभाषी व व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने कहा कि वे सभी को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे जिससे विधानसभा की कार्यप्रणाली में और गुणवत्ता आएगी। इस अवसर पर सुभाष सुधा ने हरविन्द्र कल्याण को विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका मुंह मीठा करवाकर खुशी भी जाहिर की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में प्रदेश के विकास कार्यो में और तेजी लगाकर प्रदेश को उन्नति के शिखर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर पूर्व शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा, विधायक राम कुमार कश्यप, भाजपा जिला प्रधान सुशील राणा के साथ-साथ भाजपा पार्टी के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

अवैध पटाखों का कारोबार करने वालों पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई: एसडीएम

तोशाम में प्रशासन और पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई दुकान व गोदामो पर छापामारी

खबरी प्रशाद (दीपक माहेश्वरी) तोशाम



एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि प्रशासन और पुलिस द्वारा सयुक्त रूप से उपमंडल में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर पूर्ण रूप से सतर्क है। उन्होंने कहा कि दीपावली के साथ पंच त्यौहारी सीजन में पर्यावरण के लिए घातक बेरियम साल्ट वाले पटाखे बेचने व प्रयोग करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने आगे बताया कि डीसी महावीर कौशिक के दिशा-निर्देश पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए उपमंडल में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 संपठिट वायु बचाव एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 का उल्लंघन पाया जाने पर भी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर जिला में किसी को भी सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के आदेशों की अवहेलना नहीं करने दी जाएगी। त्यौहारों पर केवल लाइसेंस लेकर हरित पटाखे (ग्रीन पटाखे) बेचने व प्रयोग करने की अनुमति होगी।

एसडीएम ने बताया की गत दिवस प्रशासन को मिली जानकारी के अनुसार आज शनिवार को नायब तहसीलदार संजय शर्मा की अध्यक्षता में फायर ब्रिगेड, जीएसटी और पुलिस विभाग की टीम द्वारा सयुक्त रूप से जांच कि गई। टीम द्वारा पटाखो के गौदाम और दुकानों पर जाकर बारिकी से जांच की गई है। नायब तहसीलदार संजय शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाटू श्याम गौदाम पर ग्रीन पटाखे पाए गए हैं।

जिला पुलिस का स्वच्छ वातावरण को लेकर अभियान के तहत पराली जलाने के किये 3 मामले दर्ज किये

खबरी प्रशाद, चंडीगढ़



जिला पुलिस का स्वच्छ वातावरण को लेकर अभियान के तहत पराली जलाने के मामले दर्ज किये गये। हरियाणा राज्य व पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के निर्देशानुसार स्वच्छ वातावरण को लेकर दी गई गाईड लाईन के खिलाफ पराली जलाने वालों के खिलाफ जिला पुलिस ने शिकंजा कसते हुए स्पैशल अभियान के तहत 3 मामले दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की ।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कर्म चन्द उप निदेशक आई.ए.डी.पी. कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कुरुक्षेत्र ने जिला पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिले में फसलों के अवशेषों की जलाने पर प्रतिबन्ध लगाया हुआ है। उपरोक्त आदेशों की अवहेलना में यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो वह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 (ए के तहत दण्ड का पात्र होगा। उपायुक्त महोदय कार्यालय के आदेश अनुसार ग्राम स्तर पर गठित की गई कमेटी द्वारा मौका का मुआयना किया गया । मुआयना करने पर हरदम सिंह वासी कौलापुर थाना बाबैन जिला कुरूक्षेत्र की लोकेशन पर आगजनी पाई गई है। जिस पर थाना शाहबाद में मामला दर्ज करके आरोपी हरदम सिंह वासी कौलापुर थाना बाबैन जिला कुरूक्षेत्र को काबू करके मामले मे शामिल तफतीश किया गया तथा थाना ईस्मालाबाद पुलिस ने प्रराली जलाने के आरोप में ब्रहम्जीत वासी जलबेहडा थाना ई.बाद जिला कुरुक्षेत्र को काबू करके मामले मे शामिल तफतीश किया गया। जिनहोने वायु प्रदूषण एक्ट की उल्लंघना करके अपराध करके संपठित वायु प्रदूषण एक्ट का अपराध किया है ।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सीएम मुख्य अतिथि के तौर पर करेंगे शिरकत

- प्रात: 7 से 8 बजे तक राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन

खबरी प्रशाद, कुरुक्षेत्र



उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष में 31 अक्टूबर को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन स्थानीय द्रोणाचार्य स्टेडियम में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

उपायुक्त कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर रविवार को स्थानीय द्रोणाचार्य स्टेडियम में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष में 31 अक्टूबर को प्रात: 7 से 8 बजे तक राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक प्रतिभागी शामिल होकर कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाएं इसके लिए सम्बन्धित विभाग के साथ-साथ सामाजिक संस्थाएं इसमें बढ़चढ़ कर भाग ले। उन्होंने कार्यक्रम के सफलतापर्वूक आयोजन को लेकर पुलिस विभाग से आए अधिकारियों को सुरक्षा की दृष्टि से किए जाने वाले प्रबंध, रुट प्लान तैयार करने वाले, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था बारे, जीएम रोडवेज को बसों की व्यवस्था करने बारे, लोक निर्माण एवं सड़क विभाग के अधिकारियों को स्टेज की रूप रेखा तैयार करते हुए उसे बनवाने बारे, ईओ नगरपरिषद द्वारा कार्यक्रम स्थल के साथ-साथ अन्य जगहों पर सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी बेहतर समन्वय बनाकर समय रहते अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यों को करवाना सुनिश्चित करे ताकि कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सके। उपायुक्त राजेश जोगपाल ने यह भी कहा कि कार्यक्रम के दृष्टिगत अतिरिक्त उपायुक्त कुरुक्षेत्र को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से सम्बन्धित कर्मचारियों की ड्यूटियां लगा दी गई है तथा रूट प्लान को चैक कर लिया गया है। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट, एसडीएम कपिल शर्मा, नगराधीश डॉ. रमन गुप्ता, डीएमसी पंकज सेतिया, डीएसपी अशोक कुमार के साथ-साथ सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

एक्सप्रेस खबर

सांसद मनीष तिवारी ने सेक्टर-40 में लोगों के साथ बैठक की, सुनी समस्याएं




खबरी प्रशाद, चंडीगढ़। चंडीगढ़ से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी वार्ड नं. 27, सेक्टर-40 स्थित सामुदायिक केंद्र में शहर की समस्याओं पर चर्चा के लिए स्थानीय लोगों के साथ बैठक की गई। जिस दौरान चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस लक्की भी मौजूद रहे। फेडरेशन ऑफ सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले सेक्टर 38, 39 और 40 के निवासियों से मुलाकात के दौरान सांसद तिवारी ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए हर समय लोगों की सेवा में मौजूद है। इस दौरान तिवारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। सांसद ने कहा कि विकास के लिए नीयत होनी चाहिए और उन्होंने हमेशा क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। इस अवसर पर बोलते हुए, चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस लक्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शासनकाल के दौरान ही हल्के के विकास के लिए काम किया गया है। उन्होंने कहा कि विकास की राह में मुश्किलें नहीं आने दी जाएंगी। इस बैठक का आयोजन एम.सी गुरबख्श रावत और दविंदर रावत ने किया था। जहां अन्य लोगों के अलावा दलविंदर सिंह, प्रदीप कुमार, एस.के खोसला, एम.आर भाटिया, राकेश बरोटिया, तरसेम शर्मा भी मौजूद थे।

वाहन चोरी के आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफतार कर चोरीशुदा मोटरसाईकिल की बरामद

खबरी प्रशाद, (प्रवीण वालिया) करनाल। पुलिस अधीक्षक मोहित हाण्डा के निर्देशानुसार वाहन चोरी की वारदातों पर रोक लगाने के लिए एंटी आटो थेफट टीम द्वारा इन्चार्ज उप निरीक्षक रोहताश सिंह की अध्यक्षता में वाहन चोरी के मामले में जेल में बंद आरोपी विजय पुत्र जगदीश वासी नेवल थाना कुन्जपुरा, करनाल को दिनांक 25.10.2024 को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफतार कर, आरोपी को माननीय न्यायालय से रिमांड लेकर पूछताछ की गई जो पूछताछ के आधार पर आरोपी के कब्जे से एक चोरीशुदा मोटरसाईकिल बरामद की गई। आरोपी द्वारा यह मोटरसाईकिल थाना सै0 32-33, करनाल के क्षेत्र से चोरी की गई थी, जिसके संबंध में पहले से ही उक्त थाना में मुकदमा नं- 479 दिनांक 21.08.2024 धारा 305 भा.न्या.सं. के तहत दर्ज है। इसके संबंध में टीम के इन्चार्ज उप निरीक्षक रोहताश सिंह ने बताया कि उनकी टीम द्वारा पिछले महिने ही आरोपी को वाहन चोरी के मामलों में गिरफतार किया गया था, जो पूछताछ पर आरोपी ने दोपहिया वाहन चोरी की 05 वारदातों के संबंध में खुलासा किया था। उनकी टीम द्वारा आरोपी से 4 मोटरसाईकिल पहले ही बरामद कर ली गई थी और अब उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेकर यह 05वीं मोटरसाईकिल भी बारामद कर ली गई है।

करनाल में दोस्ती में दरार, शराब के दौरान विवाद में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

खबरी प्रशाद, करनाल। हरियाणा के करनाल जिले में शनिवार रात शराब के नशे में चार दोस्तों के बीच शुरू हुई बहस जानलेवा बन गई। जुंडला गेट के पास हुई इस घटना में कहासुनी के बाद रजत नामक युवक ने अपने दो दोस्तों पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे 30 वर्षीय रवि की मौत हो गई और दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल दीपक के अनुसार, घटना उस समय हुई जब कोट मोहल्ले में चारों दोस्त साथ में शराब पी रहे थे। देर रात करीब डेढ़ बजे वे कुछ सामान लेने घर से बाहर निकले, और इस दौरान किसी बात पर बहस शुरू हो गई, जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई। रजत ने चाकू निकालकर रवि पर वार किया, और जब दीपक ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उसे भी चाकू मार दिया। गहरी चोट के चलते रवि कुछ कदम चलने के बाद बेसुध होकर गिर पड़ा और बाद में उसकी कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। रवि के परिवार में उसकी पत्नी, दो बच्चे, और माता-पिता हैं। रवि एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था और अपने परिवार का मुख्य सहारा था। घटना के बाद आरोपी रजत मौके से फरार हो गया। दीपक ने मांग की है कि रजत का पासपोर्ट कैंसिल किया जाए ताकि वह विदेश न भाग सके, क्योंकि उसका बड़ा भाई विदेश में रहता है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। जांच अधिकारी सुल्तान सिंह ने बताया कि रजत के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है। घायल दीपक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।



मृतक की फाईल फोटो

हरियाणा में यात्रियों से भरी बस की ट्रक से जोरदार टक्कर, ड्राइवर को झपकी आने से हादसा



खबरी प्रशाद, कुरुक्षेत्र। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में रविवार सुबह नेशनल हाईवे-44 पर एक्ष्ट बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हुई, जिसमें बस के ड्राइवर और कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दो यात्रियों को मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और बस में सवार अन्य यात्रियों को सुरक्षित दूसरी बस से रवाना किया। घटना के दौरान यात्रियों ने बताया कि ड्राइवर को अचानक झपकी आ गई थी, जिसके कारण बस अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। इस टक्कर में बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे ड्राइवर और कंडक्टर को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के तुरंत बाद ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। यह बस पंजाब से दिल्ली एयरपोर्ट की ओर जा रही थी और कुरुक्षेत्र के शाहाबाद के पास मोहन पेट्रोल पंप के नजदीक हादसे का शिकार हुई। हादसे की खबर मिलते ही डायल-112 ने तुरंत कार्रवाई की, एंबुलेंस की सहायता से घायलों को अस्पताल भेजा गया। हालांकि, सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई और उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बस को सड़क से हटाकर यातायात बहाल किया।

दीपावली तिथि को लेकर बनी असमंजस की स्थिति, लेकिन ज्यादातर 31 को ही मनाई जाएगी दीपावली : पं. रामकिशन

दिपावली पर पूर्व और उत्तर दिशा में दीपक जलाने से सुख-शांति, स्वास्थ्य, समृद्धि, धन तथा आय में होगा लाभ

खबरी प्रशाद (दीपक माहेश्वरी) तोशाम।

हर साल कार्तिक अमावस्या के दिन दिवाली मनाई जाती है। इसी दिन दीपावली उत्सव के साथ महालक्ष्मी पूजन का अनुष्ठान होता है, घर दीयों से सजाए जाते हैं, घरों में पकवान बनते हैं, रंगोली बनाई जाती है, पटाखे छोड़े जाते हैं। लेकिन अमावस्या तिथि के निर्धारण को लेकर अलग-अलग मान्यताओं के कारण अबकी बार दिवाली की तिथि को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस पर अलग-अलग विद्वानों की राय भी अलग-अलग है। इसी कड़ी में तोशाम के प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रामकिशन महाराज के अनुसार अबकी बार दीपावली 31 अक्टूबर को मनाई जानी उचित है। दीपावली के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए पंडित रामकिशन महाराज ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक अमावस्या के दिन ही दिवाली मनाई जाती है और इसी दिन महालक्ष्मी पूजन किया जाता है। हिंदी कैलेंडर और पंचांग के अनुसार अबकी बार कार्तिक अमावस्या 31 अक्टूबर गुरुवार को दोपहर 3 बजकर 52 मिनट पर शुरू हो रही है और अमावस्या तिथि 1 नवंबर शुक्रवार को शाम 06 बजकर 16 मिनट पर संपन्न हो रही है।

यानी एक दोपहर से शुरू होकर अगले दिन शाम तक अमावस्या का होना ही तिथि निर्धारण में मतांतर का भी विषय हो गई है। पंडित रामकिशन महाराज का कहना था कि सामान्यत: यहां उदयातिथि के नियम को मानने पर दीपावली और महालक्ष्मी पूजन 1 नवंबर को होगा। जिसके चलते अबकी बार दीपावली पर्व को लेकर विद्वानों के अलग अलग मत हैं, लेकिन अमावस्या तिथि के चलते दीपावली 31 अक्टूबर को ही अधिक मान्य होगी।

दीपावली को लेकर ज्योतिषियों की राय

पंडित रामकिशन महाराज ने बताया कि काशी के अनेक पंचांग और ज्योतिष शास्त्र के अनुसार तथा उज्जैन, खाटू श्याम, सालासर तथा भोपाल के ज्योतिषीयों का मानना है कि दिवाली 31 अक्टूबर को मनाई जानी चाहिए और



पंडित रामकिशन महाराज

इसी दिन लक्ष्मी पूजन करना चाहिए। वहीं उत्तराखंड के कई पंचांगकर्ताओं का मत दिवाली 1 नवंबर को मनाने के पक्ष में हैं।

दिवाली और अमावस्या को लेकर अलग-अलग मत क्या हैं

पंडित रामकिशन महाराज का कहना था कि उत्तराखंड के विद्वानों कहना है कि दीपावली और महालक्ष्मी पूजन अबकी बार शुक्रवार 1 नवंबर को होना चाहिए। इसके पीछे वो कुछ कारण भी बताते हैं, उनके अनुसार धार्मिक ग्रंथ धर्म सिंधु में इस तरह के मतांतरों पर पुरुषार्थ चिंतामणि में गाइड लाइन बनाई गई है। इसके अनुसार अमावस्या के निर्धारण के लिए पहले दिन प्रदोष की व्याप्ति हो और दूसरे दिन तीन प्रहर से अधिक समय तक अमावस्या हो(चाहे दूसरे दिन प्रदोष व्याप्त न हो) तो पूर्व दिन की अमावस्या (प्रदोष व्यापिनी और निशिथ व्यापिनी अमावस्या) की अपेक्षा से प्रतिपदा की वृद्धि हो तो लक्ष्मी पूजन आदि भी दूसरे दिन करना चाहिए।

इस निर्णय के अनुसार चूंकि अधिकतर पंचांग में 1 नवंबर को अमावस्या 03 प्रहर से अधिक समय तक है और अन्य दृश्य पंचांगों में भी इस तिथि की प्रदोष में व्याप्ति है। इसलिए इसी दिन लक्ष्मी पूजन और दीपावली शास्त्र सम्मत है। इसे और स्पष्ट करते हुए धर्म सिन्धु में कहा गया है कि दूसरे दिन अमावस्या भले ही प्रदोष में न हो लेकिन अमावस्या साढ़े तीन प्रहर से अधिक हो तो दूसरे दिन ही लक्ष्मी पूजन सही है



अर्थात् गौण प्रदोष काल में भी दूसरे दिन अमावस्या हो तो दीपावली दूसरे दिन ही शास्त्र सम्मत है। यदि लक्ष्मी पूजा और दीपावली शुक्रवार 1 नवंबर को मनाएं तो

लक्ष्मी पूजा मुहूर्त शाम 05 बजकर 36 मिनट से 06 बजकर 16 मिनट तक ही मात्र 41 मिनट को अवधि का रहेगा। इस दिन प्रदोष काल शाम 05:36 बजे से शाम 08:11 बजे तक रहेगा तो वृषभ काल शाम 06:20 बजे से शाम 08:15 बजे तक रहेगा। इस दिन लक्ष्मी पूजा मुहूर्त स्थिर लग्न के बिना है। निशिता काल रात 11:39 बजे से रात 12:31बजे तक है, इस दिन सिंह लग्न 2 नवंबर को सुबह 12:50 (रात) से सुबह 03:07 बजे तक रहेगी। इस दौरान अमावस्या तिथि निशिता मुहूर्त के साथ व्याप्त नहीं है, इसलिए निशिता काल में लक्ष्मी पूजा मुहूर्त नहीं है। 1 नवंबर को दिवाली लक्ष्मी पूजा के लिए शुभ चौघ?िया मुहूर्त प्रात: मुहूर्त (चर, लाभ, अमृत) सुबह 06:33 बजे से सुबह 10:42 बजे तक, अपराह्न मुहूर्त (चर) शाम 04:13 बजे से शाम 05:36 बजे तक

अपराह्न मुहूर्त (शुभ) दोपहर 12:04 बजे से दोपहर 01:27 बजे तक का है। हालांकि दिवाली और लक्ष्मी पूजन के मतांतर को देखते हुए स्थानीय मान्यताओं और परंपराओं, विद्वानों की राय के मद्देनजर लक्ष्मीपूजन कर सकते हैं और दीपावली मना सकते हैं। पंडित रामकिशन का कहना था कि इसी कड़ी में दूसरी तरफ काशी के विद्वानों का दिवाली को लेकर अलग मत है और हाल ही में बीएचयू के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय में काशी के विद्वानों की दिवाली की तिथि पर चर्चा हुई। इसके बाद राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय जयपुर के पूर्व विभागाध्यक्ष, काशी अखिल भारतीय विद्वत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान अखिल भारतीय विद्वत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष की ओर से जारी पत्र में दिवाली 31 अक्टूबर को मनाने की अपील की गई है।

उनके अनुसार दिवाली मनाने के लिए मुख्य काल प्रदोष में अमावस्या का होना जरूरी होता है। अबकी बार 31 अक्टूबर को प्रदोष 2 घंटे 34 मिनट रहेगा और इसलिए 31 अक्टूबर को दिवाली मनाना सही होगा। अंतत: दीपावली का त्यौहार अबकी बार 31 अक्टूबर को मनाया जाना ही उचित है। पंडित रामकिशन महाराज ने बताया कि 31 अक्टूबर को दीपावली पर लक्ष्मी पूजा का निशिता मुहूर्त रात्रि 11 बजकर 39 मिनट से देर रात्रि 12 बजकर 31 मिनट तक है। वहीं 31 अक्टूबर को प्रदोष काल शाम 5 बजकर 36 मिनट से लेकर रात्रि 8 बजकर 11 मिनट तक रहेगा। इसी दिन वृषभ लग्न का मुहूर्त शाम 6 बजकर 25 मिनट से लेकर रात्रि 8 बजकर 20 मिनट तक रहेगा। 31 अक्टूबर को दीपावली पर प्रदोष काल, वृषभ लग्न और चौघड़िया के हिसाब से लक्ष्मी पूजन का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त शाम 6 बजकर 25 मिनट से लेकर 7 बजकर 13 मिनट के बीच रहेगा। यह सर्वश्रेष्ठ शुभ मुहूर्त मात्र 48 मिनट का रहेगा।

दिवाली पर इन दिशाओं में दीपक जलाने से आएगी खुशहाली....

तोशाम के प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रामकिशन महाराज का कहना था कि मान्यता यह है दिवाली के दिन दान पुण्य करने से भगवान गणेश के साथ माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है तथा अपना आशीर्वाद बनाए रखती हैं।

वास्तु शास्त्र के अनुसार दीपावली के दिन सही तरीके से दिए जलाएं जिसके लिए नियम तथा कई विधि है। पंडित रामकिशन महाराज ने बताया कि दीपावली के दिन दीपक जलाने के पहले अपने कुल देवता का पूजन करें फिर माता लक्ष्मी तथा गणेश जी का पूजन करें और प्रसाद चढ़ाए, एक दीपक जलाकर पूजा स्थल पर रखें। दीपावली के दिन दीपक जलाने के लिए सरसों के तेल या शुद्ध गाय के घी का उपयोग करें, ऐसा करने से घर में परिवार में खुशहाली बनी रहती है तथा माता लक्ष्मी प्रसन्न रहती हैं। उन्होंने बताया कि दीपावली के दिन दीपक जलाने के लिए सही समय भी चुने इस दिन दीपक सूर्यास्त के बाद तथा प्रदोष काल में दीपक जलाएं तथा माता लक्ष्मी का पूजन करें ऐसा करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है वहीं धन लक्ष्मी तथा कुबेर का आशीर्वाद प्राप्त होता है। पंडित रामकिशन महाराज के अनुसार दीपावली के दिन दिए जलाते समय मिट्टी से बने दिए जलाएं धातु से बने दीपक का उपयोग न करें।

उनका कहना था कि वास्तु के अनुसार दिया जलाना बहुत ही अनुकूल होता है। साथ ही दिशा का ध्यान देना वास्तु के लिए उत्तम होता है। दीपक जलाते समय इस बात का ध्यान रखें कि मुख्य दरवाजे के चौखट के दोनों बगल स्वास्तिक बनाएं तथा तथा उनके ऊपर दीपक जलाए इससे परिवार में शांति बनी रहती है। वहीं पूर्व दिशा में दीपक जलाने से परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य ठीक रहता है और आय ठीक बनी रहती है तथा धन की कमी नहीं रहती है। उन्होंने बताया कि उतर दिशा में दीपक जलाने से सुख शांति तथा समृद्धि में लाभ होता है।

जीएमसीएच सेक्टर 32 हॉस्पिटल में समस्त वर्कों की ओर से करवाया गया सुख-समृद्धि हवन यज्ञ



खबरी प्रशाद, चंडीगढ़। जीएमसीएच सेक्टर 32 अस्पताल में कार्यरत अलग-अलग विभागों के आउटसोर्स वर्कों द्वारा अस्पताल में दाखिल मरीजों एवं समस्त स्टाफ की सुख शांति के लिए सामूहिक हवन यज्ञ करवाया गया।

सुरक्षा कर्मी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल में कार्यरत समस्त वर्कों द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं कार्यरत समस्त स्टाफ की सुख शांति के लिए समय-समय पर धार्मिक कार्य किए जाते हैं और इसी के तहत शनिवार को भी अस्पताल में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया और इस हवन यज्ञ में अस्पताल के समस्त वर्कों ने हिस्सा लिया और अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुधीर गर्ग ने हवन यज्ञ में पहुंचकर पूजा अर्चना की और साथ ही हवन कुंड में आहुति डालकर आरती की ओर अस्पताल में दाखिल मरीजों एवं समस्त स्टाफ की सुख शांति के लिए प्रार्थना की और हवन उपरांत अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे मरीजों एवं उनके रिश्तेदारों एवं अन्य संगतों में प्रसाद बांटा गया।

शहर में बेसहारा पशुओं को पकडऩे का अभियान जारी, दूसरे दिन 16 गाय व नंदी पकड़े

खबरी प्रशाद, करनाल

नगर निगम आयुक्त नीरज कादियान के निर्देश पर शहर की सड?ों पर घूमते बेसहारा पशुओं को पकडऩे का अभियान जारी है। इसी कड़ी में 16 गाय व नंदियों को पकड?र फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि शहर को बेसहारा पशुओं से मुक्त करने के लिए नगर निगम गम्भीर है और इसके लिए ठोस कदम भी उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम समय-समय इस तरह के अभियान चलाता रहा है, परंतु गौशाला व नंदीशाला में क्षमता से अधिक संख्या में होने के कारण अभियान को रोका गया था। उन्होंने बताया कि बीते माह शहर के अन्य गौशाला संचालकों से हुई बैठक के बाद गौवंश को निसिंग गौशाला करीब 130 गौवंश में स्थानांतरित किया गया था। उसके बाद शनिवार को असंध गौशाला में 59 गौवंशों को स्थानांतरित किया गया



है। उन्होंने बताया कि ऐसा करने से फूसगढ़ गौशाला व नंदीशाला में जगह उपलब्ध होगी और शहर में घूमते बेसहारा गौवंश को पकड़कर यहां रखा जा सकेगा।

निगम आयुक्त ने बताया कि बेसहारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए नगर निगम योजना बनाकर कार्य कर रहा है। इसके तहत फूसगढ़ स्थित गौशाला व नंदीशाला से पशुओं को अन्य गौशालाओं में भेजकर स्थान बनाया जा रहा है। दूसरी ओर गौशाला व नंदीशाला के विस्तार करने पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बेसहारा पशुओं को पकडऩे को लेकर सभी सफाई निरीक्षकों व सहायक सफाई निरीक्षकों के नेतृत्व में सभी जोन में अभियान चलाया गया है। इसके लिए एक स्पैशल टीम का गठन किया गया है, जो इस कार्य को कर रही है। नगर निगम आयुक्त ने डेयरी संचालकों व नागरिकों से पुन: अपील करते कहा है कि वह उपयोग के बाद अपने पशुओं को सड़कों पर बेसहारा भटकने के लिए न छोड़ें, इससे शहर की सफाई व यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि ऐसे पशुओं को पकडऩे का अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

ज्ञान चंद गुप्ता से मिले नवनियुक्त अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण



खबरी प्रशाद, पंचकूला। हरियाणा विधानसभा के नवनियुक्त अध्यक्ष हरविंद्र सिंह कल्याण ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता से शिष्टाचार के नाते भेंट की। हरविंद्र कल्याण के साथ उनकी धर्मपत्नी और बेटी भी थीं। दोनों नेताओं के बीच हरियाणा की राजनीति पर चर्चा हुई। ज्ञानचंद गुप्ता ने विधानसभा चलाने को लेकर अपने अनुभव भी हरविंद्र कल्याण के साथ साझा किया और आश्वासन दिया कि समय-समय पर जब भी उन्हें किसी परामर्श की जरूरत होगी, तो वह अवश्य साझा करेंगे। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि पिछले 5 वर्ष में विधानसभा अध्यक्ष के नाते सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की तरफ से अच्छा सहयोग मिला और विधानसभा को सुचारू रूप से चलाया जा सका। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि हरियाणा के नए विधानसभा भवन के लिए भी प्रयास शुरू किए गए हैं और उम्मीद है कि जल्द ही हरियाणा को अपना अलग भवन मिल जाएगा। हरविंद्र कल्याण ने ज्ञानचंद गुप्ता का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चब्बेवाल में किया प्रचार, मुख्यमंत्री ने कहा - अब मेरा अगला मिशन महिलाओं को हर महीने 1100 रू देने का ही है

कहा - इशांक को जीता दो, आपका जो भी काम मेरे पास लाएगा मैं पास करूंगा

खबरी प्रशाद चंडीगढ़/होशियारपुर

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को चब्बेवाल विधानसभा हलके में आप उम्मीदवार इशांक चब्बेवाल के लिए चुनाव प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने इशांक की तारीफ की और कहा कि यंग कैंडिडेट है। यहां की समस्याओं को जानता है। आप इशांक को जीता दो, आपका जो भी काम मेरे पास लाएगा मैं तुरंत हस्ताक्षर कर पास करूंगा।

सभा में आईं महिलाओं को देखकर मुख्यमंत्री ने कहा कि माताएं-बहने सिर्फ आम आदमी पार्टी की रैली में ही आती है क्योंकि उनको पता है कि हमारे चूल्हा की फिक्र हमारी सरकार ही कर सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब मेरा अगला मिशन महिलाओं को 1100 रूपये हर महीने देने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ दिनों पहले विधानसभा में हमने एक ऐतिहासिक कानून पास कराया, जिसके तहत अब फायर ब्रिगेड में लड़कियों की भी भर्ती हो सकेगी।



ऐसा करने वाला पंजाब देश का पहला राज्य बन गया है।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए मान ने कहा कि वे कुर्सी के लिए लड़ते हैं, हम आपके बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए लड़ते हैं। हमने पंजाब के लोगों को बिजली मुफ्त की, अच्छे स्कूल और अस्पताल बना रहे हैं। गोइंदवाल साहिब वाला थर्मल प्लांट खरीदा। वहीं सड़कों पर होने वाली मौतों को कम करने के लिए हमने %सड़क सुरक्षा फोर्स% बनाई और उसे %लेटेस्ट फीचर% वाली गाड़ियां दी। इसके कारण पिछले छह महीने में 45 प्रतिशत मौतें में कम हुई है। इसके अलावा हमने पिछले ढ़ाई साल में 45 हजार से ज्यादा नौजवानों को सरकारी नौकरियां दी।

रजिस्ट्रियों में एनओसी खत्म होने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के लोगों की समस्या दूर करने के लिए हमारी सरकार ने विधानसभा से कानून पास कराकर रजिस्ट्रियों से एनओसी का प्रावधान खत्म किया। वहीं कांग्रेस-अकाली की सरकार ने बिल्डरों से मिलीभगत कर गैरकानूनी कॉलोनियां बनवाए। उन्होंने पैसा कमाने के लिए बिल्डरों का साथ दिया, वहीं हम आपकी समस्या दूर करने के लिए आपके साथ खड़े हैं।

मान ने कहा कि आप सरकार दिल्ली और पंजाब में इसलिए इतना काम कर पाई क्योंकि हमारा और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की नीयत साफ है। इसलिए दिल्ली की तरह यहां भी हमने आम आदमी क्लीनिक और स्कूल ऑफ एमिनेंस खोल दिए। हमलोग राजनीति में पैसे कमाने नहीं आए हैं। हमें ढाबे, रेत और बसों में हिस्सा नहीं डालना है। हमें साढ़े तीन करोड़ पंजाबियों के दुख-सुख में हिस्सा डालना है।

अकाली दल बादल पर हमला बोलते हुए मान ने कहा कि जो कहते थे कि 25 साल राज करेंगे आज उनको चार उम्मीदवार नहीं मिले। उन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए गुरबाणी और बाबा नानक को भी नहीं छोड़ा। अकाली दल वाले सुखबीर बादल को जरनैल बता रहे हैं, लेकिन वे बताएं उन्होंने कौन सी जंग लड़ी है, सुखबीर बादल ने तो सिर्फ बेड़ागर्क ही किया है। उसने पंजाब और अकाली दल दोनों को नुकसान पहुंचाया। अकाली दल वाले अगर सुखबीर बादल के बिना लड़ लेते तो कुछ ज्यादा वोट ही पड़ जाते।

मालपुर स्टेडियम पर मान ने कहा कि इंडियन सुपर लीग वाले मालपुर स्टेडियम देने को कह रहे हैं। वे बोल रहे हैं कि हम स्टेडियम का कायापलट कर देंगे और लोकल प्लेयर्स को ट्रेनिंग भी देंगे। हमने फैसला किया है कि जितने भी पैसे मिलेंगे वह मालपुर पर लगा दिया जाएगा।

जो काम पंजाब के इतिहास में नहीं हुआ, वह मान सरकार ने किया - डॉ राजकुमार चब्बेवाल

होशियारपुर से आप सांसद डॉ राजकुमार चब्बेवाल ने कहा कि जो काम पंजाब के इतिहास में नहीं हुआ, वह मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार ने किया। मुफ्त बिजली एक सपने की तरह था, लेकिन आज सभी लोगों को मुफ्त में हर महीने 300 यूनिट बिजली मिल रही है। वहीं किसानों को नहरी पानी मिल रहा है और बिना कट के बिजली मिल रही है।

%आप% भगत सिंह और अंबेडकर की सोच वाली पार्टी है, इसका उम्मीदवार बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है - इशांक चब्बेवाल

आप उम्मीदवार इशांक चब्बेवाल ने मुख्यमंत्री भगवंत मान का धन्यवाद किया और कहा कि आम आदमी पार्टी भगत सिंह और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की सोच को समर्पित पार्टी है। इस पार्टी का उम्मीदवार बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान की बदौलत आज चब्बेवाल में बहुत काम हो रहे हैं। अभी 70 करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट चल रहे हैं और कई खत्म हो चुके हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि गुरु घर की सारी सड़के 18 फूट की जाए। कई क्षेत्रों में बाढ़ की समस्या है, वहां पुल बनाए जाए। वहीं इस हलके में पॉलिटेक्निक और आईटीआई कॉलेज की बहुत जरूरत है, उसे बनाया जाए।

न्यूजीलैंड टीम को लगा बड़ा झटका, इंजरी होने के कारण अमेलिया हुई बाहर

खबरी प्रशाद, नई दिल्ली

भारत के दौरे पर इस समय न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीम दोनों आई हुई हैं। एक तरफ जहां कीवी पुरुष टीम का बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला है, जिसमें उन्होंने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले 2 मुकाबलों को जीतने के साथ इस सीरीज में अजेय बढ़त हासिल कर ली है। वहीं दूसरी तरफ न्यूजीलैंड महिला टीम को लेकर बात की जाए तो उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद सीधे भारत के दौरे पर आई टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज में टीम इंडिया का सामना कर रही है, जिसके पहले मुकाबले में उन्हें 59 रनों से हार का सामना करना पड़ा। वहीं इस सीरीज के आखिरी बचे 2 मुकाबलों से पहले कीवी महिला टीम को एक बड़ा झटका अमेलिया केर के रूप में लगा है जो इंजरी होने की वजह से बाहर हो गई हैं।



न्यूजीलैंड महिला टीम को आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में जीत दिलाने में अमेलिया केर ने काफी अहम भूमिका अदा की थी। वहीं भारतीय महिला टीम के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान अमेलिया चोटिल हो गईं थी जिसमें उन्हें क्वाड्रिसेप में ग्रेड वन टियर है और उन्हें इससे पूरी तरह से उबरने में कम से कम तीन हफ्तों का समय लगेगा। अमेलिया को लेकर ये जानकारी न्यूजीलैंड क्रिकेट की तरफ से साझा की गई, जिसमें उनके बाहर होने के बाद बाकी बचे 2 मुकाबलों के लिए रिप्लेसमेंट प्लेयर के नाम का ऐलान नहीं किया गया। अमेलिया को भारत के खिलाफ वनडे सीरीज खत्म होने के बाद ऑस्ट्रेलिया में शुरू हो रही महिला बिग बैश लीग के नए सीजन में सिडनी सिक्सर्स की टीम से खेलना था जिसमें अब इंजरी की वजह से उनका शुरुआती 8 मैचों में खेलना अब मुश्किल दिख रहा है। भारतीय महिला टीम के खिलाफ पहले वनडे मैच में चोटिल होने के बाद अमेलिया को 25 अक्टूबर को स्कैन के लिए लेकर जाया गया था, जहां पर उनकी इस चोट के बारे में पता चला। अब वह 27 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के लिए रवाना हो जाएंगी, जहां पर वह रिहैब की प्रक्रिया से गुजरेंगी। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने अमेलिया की चोट को लेकर कहा कि इंजरी हमेशा एक खिलाड़ी के लिए चुनौतीपूर्ण समय होता है और हम जानते हैं कि अमेलिया बाकी बचे 2 मैचों से बाहर होने के बाद कितनी निराश होगी।

वेस्टइंडीज ने तीसरे मैच में श्रीलंका को हराया, एविन लुईस ने 61 गेंदों में नाबाद 102 रनों की पारी खेलीं

- **टीम को दिलाई 19 साल बाद ऐतिहासिक जीत**

खबरी प्रशाद, नई दिल्ली

वेस्टइंडीज की टीम ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले 2 मैचों में हार का सामना करने के बाद तीसरे मुकाबले को अपने नाम करने के साथ इस सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करने से खुद को बचाया।

पल्लेकेले के मैदान पर खेले गए इस सीरीज के आखिरी मैच में बारिश का खलल देखने को मिला, जिसके चलते श्रीलंका की टीम ने 23 ओवर्स में 156 रन बनाए थे और बाद में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियमानुसार 195 रनों का टारगेट इतने ओवर्स में हासिल करने के लिए मिला। वेस्टइंडीज की टीम ने इसे 22 ओवर्स में सिर्फ 2 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया जिसमें एविन लुईस ने बल्ले से अहम भूमिका अदा की।

तीन साल बाद वापसी करते जड़ा धमाकेदार शतक

एविन लुईस को तीन साल के बाद वेस्टइंडीज की तरफ से वनडे मैच खेलने का मौका मिला, जिसका उन्होंने पूरी तरह से लाभ उठाते हुए धमाकेदार अंदाज में



बल्लेबाजी की और 61 गेंदों में नाबाद 102 रनों की पारी खेलने के साथ टीम को इस मुकाबले में जीत दिलाकर वापस लौटे।

लुईस को इस दौरान शेरफेन रदरफोर्ड का साथ मिला जिन्होंने 26 गेंदों में 4 चौके और तीन छक्कों की मदद से 50 रनों की नाबाद पारी खेली। वेस्टइंडीज को इस वनडे सीरीज के पहले 2 मुकाबलों में एकतरफा हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि तीसरे मैच में उन्होंने श्रीलंकाई टीम पर पूरी तरह से दबाव बनाकर रखा।

वेस्टइंडीज ने 19 साल बाद जीता श्रीलंका में पहला वनडे



श्रीलंका के खिलाफ आखिरी वनडे में मिली वेस्टइंडीज टीम को ये जीत भी उनके लिए काफी खास बन गई क्योंकि 19 साल के लंबे इंतजार के बाद विंडीज टीम श्रीलंका में कोई वनडे मुकाबला जीतने में कामयाब हो सकी है।

इससे पहले उन्होंने साल 2005 में श्रीलंका में वनडे मैच जीता था और उसके बाद से वेस्टइंडीज को इस मुकाबले पहले खेले 10 वनडे मैचों में लगातार का हार का सामना करना पड़ा था।

मनिका बत्रा का सफर क्वार्टर फाइनल में हुआ समाप्त, चीन की खिलाड़ी को नहीं दे पाईं मात



खबरी प्रशाद, नई दिल्ली

भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट में सफर क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। मनिका को क्वार्टर फाइनल में चीन की कियान टियानयी के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। मनिका से इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन दुनिया की 30वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी को सिर्फ 25 मिनट में टियानयी के खिलाफ 8-11, 8-11, 10-12 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी, लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। डब्ल्यूटीटी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मनिका ने शुक्रवार को दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बर्नाडेट जोक्स को 11-9, 6-11, 13-11, 11-9 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई थी।

टियानयी ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में उलटफेर करते हुए दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी और शीर्ष वरीय हमवतन यिडी वैंग को 11-7, 11-9, 13-11 से शिकस्त दी थी। डब्ल्यूटीटी में हिस्सा ले रहीं एक अन्य भारतीय दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी श्रीजा अकुला को पहले दौर में ही दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी पुएर्टो रिको की एड्रियाना डियाज ने 6-11, 11-7, 11-1, 8-11, 11-8 से हराया था।

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान

खबरी प्रशाद, नई दिल्ली

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के 25 अक्टूबर को टीम की घोषणा की। इस टीम में कई नए चेहरों को भी शामिल किया गया। इनमें से एक चेहरें ने टीम इंडिया में एंट्री मारते ही तहलका मचा दिया है। हम जिस खिलाड़ी की बात कर रहे हैं वो युवा तेज गेंदबाज है जिसने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर अभी से अपने इरादे साफ कर दिए हैं।

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा रोहित शर्मा की अगुआई वाली 18 सदस्यीय भारतीय टीम में पहली बार शामिल किया गया।

पांच मैचो का शेड्यूल

- **पहला टेस्ट:** 22-26 नवंबर, पर्थ
- **दूसरा टेस्ट:** 6-10 दिसंबर, एडिलेड (डे- नाइट)
- **तीसरा टेस्ट:** 14-18 दिसंबर, ब्रिस्बेन
- **चौथा टेस्ट:** 26-30 दिसंबर, मेलबर्न
- **5वां टेस्ट:** 3-7 जनवरी, सिडनी

इस गेंदबाज ने टीम में शामिल होने के एक दिन बाद ही गेंद से कहर बरपा दिया। हर्षित राणा ने दिल्ली की ओर से रणजी ट्रॉफी में असम के खिलाफ मैच में पहले ही दिन गेंद से शानदार प्रदर्शन किया। हर्षित राणा ने 15 ओवर में 62 रन दिए और 4 विकेट अपनी झोली में डाले। इस तरह तेज गेंदबाज हर्षित ने पहली बार टेस्ट टीम में शामिल होने का जश्न पहले दिन शानदार स्पैल डालकर मनाया। रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में हर्षित अपना पहला ही मैच खेल रहे हैं और उन्होंने मैच के पहले ही दिन शानदार प्रदर्शन कर सभी को चौंका दिया है।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर।

अंडर-23 विश्व कुश्ती में अंजलि ने जीता रजत, चिराग फाइनल में पहुंचे

खबरी प्रशाद, नई दिल्ली

भारतीय महिला पहलवान अंजलि ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के 59 भारवर्ग में रजत पदक हासिल किया। वहीं, फ्री स्टाइल में चिराग ने 55 किग्रा भारवर्ग में कम से कम रजत पदक तय कर दिया है। नेहा शर्मा (57 भारवर्ग), शिक्षा (65) और मोनिका (68 भारवर्ग) कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। नेहा और मोनिका ने चीन और शिक्षा ने जापान की पहलवान को हराया। ग्रीको रोमन में रामचंद्र मोरे (55 भारवर्ग) ने भी कांस्य पदक अपनी झोली में डाला।



सेमीफाइनल में इअली की अयुरोरा को चित करने वालीं अंजलि फाइनल में यूक्रेन की सोलामिया से अंकों के आधार पर हार गईं। चिराग का फाइनल में किर्गिस्तान के अबदीमलिक काराचोव से मुकाबला होगा। अठारह साल के चिराग ने लगातार तीन कुश्तियां जीतकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है। अभिषेक गुप्ता (61 भारवर्ग), सुजीत (70 भारवर्ग) भी कांस्य की होड़ में हैं।

भारत के अरमान ने एकल वर्ग के फाइनल में बनाई जगह, महिलाओं में चुआन का दिखा दम

खबरी प्रशाद, नई दिल्ली

पीडब्ल्यूआई इंडिया मास्टर्स द्वारा आयोजित पिकबॉल टूर्नामेंट में आरत के अरमान ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि महिलाओं के वर्ग में चीनी ताइपे की पेई चुआन काओ ने दम दिखाया। दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के कोर्ट में आयोजित इस टूर्नामेंट में 70 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट के पहले दिन एकल मुकाबले खेले गए थे जिसमें पुरुष और महिला एकल वर्ग में रोमांचक मैच देखने मिले।

इस टूर्नामेंट में एकल के अलावा आयु वर्ग में खिलाड़ियों ने चुनौती पेश की है जिसमें 35, 50 और 60 वर्ष के अधिक खिलाड़ी



शामिल हैं। शुरुआती दिन भारत के दो खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मैच देखने मिला था। अरमान भाटिया का सामना आदित्य रुहेला से हुआ। इस मैच में अरमान ने रुहेला को 11-10, 9-11, 11-5 से हराया था। भाटिया ने इसके बाद अपना विजयी अभियान जारी रखा और पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में विली चुंग को 11-4, 11-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अरमान का फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त डस्टी बोयेर से सामना होगा। बोयेर एक कड़े सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के टॉम इवान्स को 11-7, 4-11, 11-8 से हराया। दोनों के बीच फाइनल मुकाबला रविवार को होगा। महिलाओं में, चुआन ने नीदरलैंड की रूस वान रीक को सेमीफाइनल में 11-6, 4-11, 11-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। महिला एकल वर्ग के एक अन्य सेमीफाइनल मुकाबले में अमेरिका की सोफिया सेविंग ने ऑस्ट्रेलिया की सोमेर डाला बोना को एकतरफा अंदाज में 11-9, 11-9 से हराया। महिला वर्ग का खिताबी मुकाबला भी रविवार को ही खेला जाएगा।

धर्म

माता लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए दिवाली से पहले ही घर से बाहर फेंक दें ये चीजें



खबरी प्रशाद, नई दिल्ली

रोशनी का त्योहार दिवाली नजदीक आ चुका है। यह त्योहार हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। लेकिन उससे पहले लोग अपने घरों, दुकानों या संस्थानों की साफ-सफाई करते हैं और कूड़ा-कचरा बाहर फेंक देते हैं, ताकि उनके घर पर मां लक्ष्मी का आगमन हो और उनकी कृपा बनी रहे।

साफ-सफाई के दौरान कई बार लोग घर में ऐसी चीजें रख देते हैं, जिन्हें घर से बाहर फेंकना सबसे जरूरी होता है क्योंकि कहा जाता है कि कुछ घरेलू चीजें दरिद्रता लाती हैं। आइए आज जानते हैं कि वो कौन सी चीजें हैं जिन्हें घर से बाहर करना जरूरी है। आइए जानते हैं किन चीजों को घर से फेंक देना चाहिए।

घर में जंग लगी हुई चीजें हटा दें

अगर आपके घर में जंग लगी चीजें हैं तो दिवाली की सफाई के दौरान सबसे पहले उन्हें हटा दें क्योंकि ऐसी चीजें घर में नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती हैं। ये चीजें भी आपके घर में वास्तु दोष उत्पन्न करती हैं। इन्हें घर में रखने से राहु और केतु दोष उत्पन्न होते हैं, जो आपके मन पर बुरा प्रभाव डालते हैं। इसलिए कहा जाता है कि सबसे पहले अपने घर से जंग लगी चीजों को हटा दें।

घर में न रखें टूटी हुई मूर्तियां

घर में टूटी हुई मूर्तियां रखना शुभ नहीं माना जाता है क्योंकि इन्हें नकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि अगर घर में खंडित मूर्तियां हैं तो आपके घर में कलह और कलह का माहौल बनता है। इसके अलावा ऐसी मूर्तियां आपके आर्थिक नुकसान का कारण भी बनती हैं। इसलिए ऐसी मूर्तियों को घर से हटाकर किसी साफ तालाब या पवित्र नदी में विसर्जित कर देना चाहिए। इससे दरिद्रता दूर होती है।

खराब बिजली के सामान को बाहर फेंक दें

इसके अलावा अगर आपके घर में बिजली का सामान खराब हो गया है तो उसे अपने घर से बाहर फेंक दें क्योंकि खराब बिजली का सामान शनि दोष का कारण बनता है। जिससे आपके घर का माहौल खराब हो जाता है और आए दिन लड़ाई-झगड़े की स्थिति बनी रहती है। इसलिए ऐसी वस्तुओं को भी दिवाली से पहले घर से बाहर कर देना चाहिए।

टूटा शीशा और बर्तन

वास्तु में टूटे हुए शीशे को दुर्भाग्य का प्रतीक माना गया है। जिससे कि, नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। दीपावली की साफ-सफाई में यदि आपको टूटे हुए शीशे मिले तो इसे तुरंत ही घर से हटा देना चाहिए। कांच के टूटे बर्तन जैसे कि, कप-प्लेट इत्यादि भी वास्तु दोष का कारण बनते हैं। इनका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए और ना ही इन्हें घर पर रखना चाहिए।

छत की सफाई है जरूरी

आमतौर पर लोग घर का बेकार और पुराना सामान छत पर ही रख देते हैं। जिससे की छत हमेशा गंदी रहती है। लेकिन हमेशा छत की सफाई करते रहनी चाहिए। खासकर दीपावली से पहले छत की अच्छे से सफाई करें और जितना भी पुराना व कबाड़ का समान हो उसे बाहर निकाल फेंके। वास्तु के अनुसार, छत पर गंदगी होने से घर के सदस्य हमेशा बीमार रहते हैं।

दिवाली पर इन मंत्रों का करें जाप, घर से दूर होगी दरिद्रता और नकारात्मकता

खबरी प्रशाद, नई दिल्ली

दिवाली का त्योहार घर में खुशियां लेकर आता है। इस त्योहार की प्रतीक्षा लगभग हर कोई करता है। दिवाली का त्योहार पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। रोशनी का पर्व दिवाली पर लोग अपने घर को सजाते हैं। दिवाली के दिन माता लक्ष्मी और गणेश जी पूजा की जाती है। यदि आप भी किसी परेशानी, गरीबी और दुखों से जूझ रहे हैं, तो ऐसे में आपको दिवाली से पहले कुछ खास उपाय बताए हैं, जिन्हें आप करके वित्तीय कठिनाइयों को दूर सकते हैं। आप इन मंत्रों का जाप करके घर से गरीबी को दूर कर सकते है।

- **दिवाली पर करें ये उपाय,**

गरीबी को दूर भगाने के लिए सबसे पहले अपने मन को शांत रखें और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें, जिससे घर में शांति



बनी रहती है।

सुनिश्चित करें कि आपका घर साफ-सुथरा हो, क्योंकि माना जाता है कि देवी लक्ष्मी अशुद्ध स्थानों पर निवास नहीं करती हैं। गरीबी दूर करने का प्रयास करने से पहले किसी भी गंदगी या गंदगी को साफ करें।

कूड़ादान रखते समय इसे कभी भी अपने घर के मुख्य द्वार के पास न रखें।

घर को साफ-सुथरा रखने के साथ-साथ अपने घर के मंदिर और मूर्तियों व चित्रों को साफ रखें।

केले के पेड़ पर जल चढ़ाएं, लेकिन चढ़ाने से पहले जल में काले तिल अवश्य मिलाएं।

रोज शाम को सूर्यास्त के बाद घर के हर कोने में घी का दीपक जलाएं। सोने से पहले घर की सभी नालियों को साफ करें और उन पर सफेद नमक छिड़कें।

जब भी संभव हो प्रार्थना एक निजी स्थान पर करें। गरीबी दूर करने के लिए आप कुछ खास मंत्रों का जाप कर सकते हैं।

- **दरिद्रता दूर करने के मंत्र**

घर से दरिद्रता दूर करने के लिए लक्ष्मी मंत्र
श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये
प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं
महालक्ष्म्यै नमः।
ऐं ह्रीं श्रीं अष्टलक्ष्म्यै ह्रीं सिद्धये
मम गृहे आगच्छागच्छ नमः स्वाहा।
ओम श्रीं ह्रीं क्लीं श्री सिद्ध
लक्ष्म्यै नमः।

- **दरिद्रता दूर करने के हनुमान मंत्र**

ओम हनुमान बल बुद्धि विद्या
देहु मोहि हरहु कालेसा विकार।
नमो हनुमते रुद्रावताराय
विश्वरूपाय अमित विक्रमाय
प्रकटपराक्रमाय महाबलाय सूर्य
कोटिसमाप्रभाय रामदूताय स्वाहा।
नमो हनुमते रुद्रावताराय
वज्रदेहाय वज्रनाखाय वज्रसुखाय
वज्ररोमने वज्रनेत्रय वज्रदंताय
वज्रकार्याय वज्रभक्ताय रामदूताय
स्वाहा।

- **दुर्गा मां का मंत्र**

ओम दुम दुर्गाये नमः
या देवी सर्व भूतेषु शक्ति रूपेण
संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै
नमस्तस्यै नमो नमः।
दुर्गा देवी नमस्तुभ्यं
सर्वकामार्थसाधिके। मम सिद्धिं
असिद्धिम वा स्वप्ने सर्वं प्रदर्शय।
ओम जयन्ती मंगला काली
भद्रकाली कपालिनी दुर्गा क्षमा
शिवाधात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तुते।

- **शिव मंत्र**

दारिद्र्य दुःख दहनाय नमः
शिवाय।
श्री अखंडानंद बोधाय
शोकसंतपहारिणे।
सच्चिदानंदस्वरूपाय शंकराय
नमो नमः।

इन मंत्रों को जाप करने से व्यक्ति गरीबी के कारण होने वाली कठिनाइयों को कम कर सकता है और अपने जीवन में समृद्धि ला सकता है।

धनतेरस के दिन क्यों खरीदते हैं झाड़ू

खबरी प्रशाद, नई दिल्ली

हिंदू धर्म में धनतेरस के पर्व को बहुत खास माना जाता है। इस दिन से दिवाली पर्व की शुरुआत होती है, जिसकी रौनक भाई दूज तक रहती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा का विधान है। इस दिन समुद्र मंथन के समय भगवान धन्वंतरि ने अमृत कलश लेकर अवतार लिया था।



पंचांग के अनुसार धनतेरस का त्योहार हर वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इस साल 29 अक्तूबर 2024 को धनतेरस है। ज्योतिष गणना के अनुसार धनतेरस के दिन त्रिग्रही योग, त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, लक्ष्मी नारायण योग, शश महापुरुष राजयोग कुल 5 शुभ संयोग बन रहे हैं। इस संयोग में भगवान धन्वंतरि, यमराज और कुबेर देव की पूजा अर्चना करना बेहद लाभकारी साबित होगा। वहीं इस दिन झाड़ू खरीदने की परंपरा सदियों से चली आ रही हैं। परंतु क्या आप जानते हैं कि धनतेरस के दिन झाड़ू क्यों खरीदी जाती हैं ? अगर नहीं, तो आइए जान लेते हैं।

क्यों खरीदी जाती हैं झाड़ू ?

मत्स्य पुराण के अनुसार धनतेरस के दिन झा? खरीदने से घर में बरकत बनी रहती हैं। साथ ही साधक की आर्थिक स्थिति पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदी जाती हैं। इस दौरान फूल झाड़ू को घर लाना और भी लाभकारी माना जाता है।

झाड़ू पर बांधें धागा

यदि आप धनतेरस पर झाड़ू खरीदकर घर ला रहे हैं, तो पहले उसपर सफेद रंग का धागा बांधें। मान्यता है कि इससे मां लक्ष्मी की कृपा हमेशा बनी रहती हैं।

पुरानी झाड़ू का क्या करें ?

घर में झाड़ू को कभी भी खड़ा करके नहीं रखना चाहिए। इसे अशुभ माना जाता है। हमेशा झाड़ू को ऐसे स्थान पर रखना चाहिए, जहां हर किसी की नजर न पड़ें। इस दौरान घर की पुरानी झा? को किसी साफ व उचित स्थान पर छुपा कर रख देना चाहिए।

बाते गुजरे जमाने की : मुकद्दर का सिकंदर फिल्म के बनने की 12 रोचक और अनसुनी कहानियां

खबरी प्रशाद, मुंबई



ज़िंदगी तो बेवफा है। एक दिन ठुकराएगी। मौत महबूबा है अपनी, साथ लेकर जाएगी। मुकद्दर का सिकंदर फिल्म के 46 साल पूरे हो गए। फिल्म को डायरेक्ट किया था प्रकाश मेहरा ने। गीत-संगीत कंपोज़ किया था कल्याणजी-आनंदजी ने। फिल्म के सभी गीत अंजान जी ने लिखे थे। सिवाय एक को छोड़कर। वो एक गीत जो अंजान जी ने नहीं लिखा था उसके बोल थे सलाम-ए-इश्क मेरी जां, ज़रा कुबूल कर लो। ये वाला गीत प्रकाश मेहरा ने खुद लिखा था। फिल्म के प्रमुख कलाकार थे विनोद खन्ना, अमिताभ बच्चन, राखी, रेखा, रंजीत, अमजद खान, निरूपा रॉय, कादर खान, श्रीराम लागू, गोगा कपूर, राम सेठी, मनमोहन कृष्ण, सुलोचना लाटकर, सुंदर, पी. जयराज व यूसुफ खान ज़िंबिस्को। चलिए, इस फिल्म की मेकिंग से जुड़ी बारह अनसुनी और बहुत रोचक कहानियां जानते हैं।

पहली- साल 1976 में प्रकाश मेहरा देवदास नाम से एक फिल्म बनाने जा रहे थे। उस फिल्म में अमिताभ बच्चन, शर्मिला टैगोर व हेमा मालिनी को फाइनल भी कर लिया गया था। फिल्म को कैलाश चोपड़ा प्रोड्यूस करने वाले थे। मगर वो फिल्म इसलिए नहीं बन सकी क्योंकि प्रकाश मेहरा देवदास की ऑरिजिनल कहानी में कुछ नयापन डालना चाहते थे। और ये बात प्रोड्यूसर कैलाश चोपड़ा को पसंद नहीं आ रही थी। इसलिए उन्होंने प्रकाश मेहरा के साथ फिल्म बनाने से इन्कार कर दिया। उनके बाद कैलाश चोपड़ा ने देवदास नाम की अपनी उस फिल्म को डायरेक्ट करने के लिए गुलज़ार साहब को साइन किया।

मुख्य कास्ट लगभग वही थी। बस अमिताभ बच्चन की जगह धर्मेंद्र को देवदास के किरदार में साइन किया गया। जबकी प्रेम चोपड़ा चुन्नी बाबू का किरदार निभाने वाले थे। संगीत की ज़िम्मेदारी पंचम दा को दी गई थी। पंचम दा ने कुछ गीत रिकॉर्ड भी किए थे जिनमें से एक यूट्यूब पर सुनने को मिल जाता है। लता जी के गाए उस गीत के बोल हैं कू हू, कू हू कोयलिया बुलाए रे। दुर्भाग्यवश शूटिंग शुरू हो जाने के बावजूद ये फिल्म कभी नहीं बन सकी। जबकी दूसरी तरफ प्रकाश मेहरा ने देवदास की कहानी को मॉडर्नाइज़ करके एक नई कहानी तैयार कर ली जिसे उन्होंने नाम दिया मुकद्दर का सिकंदर। 1 मई 1976 को मुहुर्त भी हो गया।

ये कहानी लक्ष्मीकांत शर्मा ने लिखी थी। स्क्रीनप्ले था विजय कौल का। और डायलॉग्स लिखे थे लैजेंडरी कादर खान साहब ने। और प्रकाश मेहरा की इस आधुनिक देवदास की कहानी कुछ यूं थी कि अमजद खान रेखा से मुहब्बत करते हैं। रेखा अमिताभ बच्चन को चाहती हैं। अमिताभ बच्चन को राखी से प्यार है। और राखी विनोद खन्ना से इश्क करती हैं।

दूसरी- 1 करोड़ 20 लाख रुपए के बजट में बनी मुकद्दर का सिकंदर फिल्म ने आठ करोड़ पचास लाख रुपए का कलैक्शन किया और ये फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई। साल 1978 की टॉप 10 फिल्मों की लिस्ट में मुकद्दर का सिकंदर पहले स्थान पर रही थी। दूसरे स्थान पर भी अमिताभ बच्चन की त्रिशूल थी। त्रिशूल ने बॉक्स ऑफिस पर पांच करोड़ पचास लाख रुपए कमाए थे। और तीसरे स्थान पर अमिताभ बच्चन की ही डॉन थी जिसने तीन करोड़ पचास लाख रुपए का कलैक्शन किया था। 1978 की टॉप 10 फिल्मों की लिस्ट में अमिताभ बच्चन की दो और फिल्मों ने जगह बनाई थी। वो फिल्में थी कसमे वादे, जो सातवे स्थान पर रही थी। और गंगा की सौगंध, जो आठवें स्थान पर रही थी। यानि 1978 अमिताभ बच्चन के लिए गोल्डन ईयर साबित हुआ था।

तीसरी- मुकद्दर का सिकंदर में एक सीन है जिसमें अमिताभ बच्चन विनोद खन्ना की तरफ कांच का एक टुकड़ा फेंकते हैं। उस सीन को शूट करते वक्त एक हादसा हो गया था। दरअसल, अमिताभ का फेंका हुआ वो टुकड़ा विनोद खन्ना की चिन(ठोड़ी) पर जा लगा। और उन्हें चोट लग गई। चोट कितनी गहरी थी इसका अंदाज़ा आप ऐसे लगाइए कि विनोद खन्ना को छह टांके लगाने पड़े थे। वैसे अमिताभ बच्चन के साथ ना सही, लेकिन उनके बेटे अभिषेक बच्चन के साथ विनोद खन्ना ने प्लेयर्स में काम किया था।

चौथी- मुकद्दर का सिकंदर अमिताभ और प्रकाश मेहरा की जोड़ी की इकलौती ऐसी फिल्म है जिसमें अमिताभ बच्चन के किरदार की फिल्म के आखिर में मौत हो जाती है। इसके अलावा प्रकाश मेहरा की कोई और ऐसी फिल्म नहीं है जिसमें अमिताभ बच्चन ने काम किया हो और उनके किरदार की मृत्यु हुई हो।

पांचवी- मुकद्दर का सिकंदर फिल्म के डायलॉग्स लैजेंड्री कादर खान साहब ने लिखे थे। ये उनके बेस्ट डायलॉग राइटिंग्स वाली फिल्म मानी जाती है। ऐसी ही एक फिल्म है शराबी। उसके डायलॉग्स भी कादर खान साहब ने लिखे थे। और इत्तेफाक देखिए, ये दोनों ही फिल्में प्रकाश मेहरा ने बनाई हैं। फिल्म के गीत 'ओ साथी रे' से पहले अमिताभ बच्चन एक स्पीच देते हैं। वो स्पीच जब अमिताभ बच्चन को मिली थी तो वो सोलह पन्नों की थी। सोलह पन्ने देखकर अमिताभ बच्चन ने डायलॉग्स बोलने से इन्कार कर दिया था। प्रकाश मेहरा को भी अमिताभ का इन्कार करना जायज़ लगा।

कादर खान से जब डायलॉग्स छोटे करने को कहा गया तो उन्होंने एक ही बार में सोलह पन्नों के वो डायलॉग्स बोलकर दिखा दिए। ये देख अमिताभ बच्चन बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने कादर खान को गले लगा लिया। तब कादर खान ने अमिताभ बच्चन को बताया कि उन्होंने जो भी इन सोलह पन्नों में लिखा है वो उनके जीवन की असली कहानी है। ये सब उन्होंने खुद झेला है। फेस किया है। इसलिए ये डायलॉग्स बोलने से पहले महसूस करना बहुत ज़रूरी है। अगर महसूस होने लगे तो फिर ये लाइनें खुद-ब-खुद याद हो जाएंगी। फिर तो वाकई में अमिताभ बच्चन ने उन डायलॉग्स को कुछ ऐसे महसूस किया कि जब उनका आउटकम आया तो कमाल ही हो गया।

छठी- ये बात भी अपने आप में अनोखी है कि मुकद्दर का सिकंदर फिल्म में रंजीत ने विलेनियस रोल निभाया था। एक अच्छा-खासा रोल। लेकिन फिर भी इस फिल्म में अमिताभ और रंजीत का एक साथ कोई सीन नहीं है। और ये दूसरा मौका था जब अमिताभ बच्चन और रंजीत दोनों किसी फिल्म में साथ काम कर रहे हों। लेकिन उनका कोई सीन एक साथ ना हो। पहली दफा ऐसा रेशमा और शेरा फिल्म के वक्त हुआ था। रेशमा और शेरा रंजीत की पहली फिल्म थी।

सातवीं- मुकद्दर का सिकंदर फिल्म में एक्टर राम सेठी ने प्यारे लाल का किरदार निभाया था। वही प्यारे लाल जो सिकंदर का दोस्त होता है और बहुत खुशमिजाज़ इंसान होता है। पहले प्यारे लाल का किरदार असरानी साहब निभाने वाले थे। लेकिन जिस दिन उनके सीन की शूटिंग होनी थी उस दिन वो किसी और फिल्म की शूटिंग पर गए हुए थे। और जब उन्होंने मुकद्दर का सिकंदर फिल्म के सेट पर आने की तैयारी शुरू की तो अचानक से बेतहाशा बारिश होने लगी। असरानी एक कार तक का इंतज़ाम नहीं कर पाए। पर चूंकि प्रकाश मेहरा को वो सीन किसी भी हाल में उसी दिन शूट करना था। तो उन्होंने अपने असिस्टेंट राम सेठी से प्यारे लाल का वो रोल करवा लिया। जो कि राम सेठी के एक्टिंग करियर का सबसे यादगार रोल बन गया।

आठवीं- 1978 में अमिताभ बच्चन की और भी कई फिल्में रिलीज़ हुई थी। जैसे कि डॉन, कसमें-वादे और त्रिशूल। और इत्तेफाक देखिए, डॉन, कसमें-वादे व मुकद्दर का सिकंदर में अमिताभ बच्चन के किरदारों की मौत हो जाती है। हालांकि डॉन में अमिताभ बच्चन का डबल रोल था तो एक आखिर तक फिल्म में रहता है।

नौंवी- मुकद्दर का सिकंदर प्रकाश मेहरा की पहली फिल्म थी जो उन्होंने सिनेमास्कोप में शूट की थी। एक्ट्रेस पद्मिनी कपिला को भी प्रकाश मेहरा ने इस फिल्म में एक रोल ऑफर किया था। लेकिन उन्होंने ये कहकर फिल्म में काम करने से मना कर दिया कि उन्हें लीड रोल करना है। वो कोई साइड रोल नहीं करेंगी। वैसे पद्मिनी कपिला के साथ प्रकाश मेहरा का अफेयर भी था। जो लंबा चला था। पद्मिनी कपिला ने तो एक दफा ये दावा तक कर दिया था कि साल 1987 में उन्होंने प्रकाश मेहरा के साथ पूरे रीति-रिवाज से शादी की थी।

दसवीं- मुकद्दर का सिकंदर वो आखिरी फिल्म थी जिसमें विनोद खन्ना और अमिताभ बच्चन ने साथ काम किया था। इसके बाद किसी और फिल्म में ये दोनों एक साथ नहीं दिखे। और इस फिल्म में भी विनोद खन्ना सिर्फ इस शर्त पर काम करने के लिए राज़ी हुए थे क्योंकि उन्हें अमिताभ बच्चन के बराबर फीस ऑफर की गई थी। अमिताभ बच्चन विनोद खन्ना के साथ काम करने में बहुत खुश नहीं थे। कहा जाता है कि चूंकि अमिताभ बच्चन वक्त के पाबंद थे तो उन्हें अच्छा नहीं लगता था जब विनोद खन्ना देर-सबेर सेट पर आते थे।

ग्यारहवीं- मुकद्दर का सिकंदर फिल्म में विनोद खन्ना जिस किरदार में दिखे हैं उसमें पहले शत्रुघ्न सिन्हा को लेने की प्लानिंग प्रकाश मेहरा कर रहे थे। लेकिन बाद में उन्होंने सोचा कि अगर फिल्म की हीरोइन यानि राखी अमिताभ बच्चन की जगह किसी और से प्यार करेगी तो वो कम से कम अमिताभ बच्चन जितना खूबसूरत तो होना ही चाहिए। तब उन्होंने उस रोल में विनोद खन्ना जी को साइन किया था।

बारहवीं- जब मुकद्दर का सिकंदर फिल्म की शूटिंग शुरू हुई तब रेखा जी विदेश में थी। उनके सीन्स शूट करने के लिए काफी इंतज़ार किया गया। लेकिन जब उन्होंने बहुत देर कर दी तो प्रकाश मेहरा ने रीना रॉय को अप्रोच किया। रेखा को किसी तरह ये बात पता चल गई कि प्रकाश मेहरा उनकी जगह रीना रॉय को मुकद्दर का सिकंदर में ले रहे हैं। रेखा तुरंत विदेश से भारत लौट आई। और उन्होंने अपने सीन्स शूट किए। रीना रॉय को इस बात का काफी दुख था कि इतनी बड़ी फिल्म उनके हाथ से आते-आते निकल गई। हालांकि प्रकाश मेहरा ने रीना रॉय को अपनी अगली फिल्म ज्वालामुखी में कास्ट कर लिया। उस फिल्म में रीना रॉय को परवीन बाबी को हटाकर कास्ट किया गया था। और उसमें शत्रुघ्न सिन्हा हीरो थे।

दिलजीत दोसांझ ने फहराया तिरंगा, दिल्ली में दिल लुमिनाटी टूर कॉन्सर्ट के दौरान दिखा देशप्रेम



खबरी प्रशाद, मुंबई

दिलजीत दोसांझ ने शनिवार को दिल्ली में अपने दिल-लुमिनाटी टूर के भारतीय चरण की शुरुआत करते हुए मंच पर जोरदार एंट्री की। एक्टर-सिंगर दिलजीत ने अपने पहले गाने के बाद स्टेज पर भारतीय ध्वज लहराया, जिसके बाद से हर कोई सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहा है। ये खूबसूरत नजारा देख वहां मौजूद सभी लोग तालियां बजाने लगे। दिलजीत ने अपने दिल-लुमिनाटी टूर के पहले दिन ही उनके फैंस का दिल जीत लिया। राजधानी दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 26, अक्टूबर से पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट की शुरुआत हुई है। दिलजीत दोसांझ ने लहराया तिरंगा। शनिवार शाम को ऑल ब्लैक आउटफिट पहने दिलजीत ने अपनी दमदार गायकी से दिल्ली में धमाका कर दिया। वहीं सिंगर ने अपना पहला गाना खत्म किया और कुछ सेकंड के बाद जब उन्हें तिरंगा फहराते देखा गया तो लोग खुशी से झूमने लगे। ये पहली बार नहीं था जब दिलजीत ने देश के लिए अपना प्यार दिखाया। इसके पहले भी उन्हें कई बार भारत का बखान करते देखा गया है। दिल-लुमिनाटी टूर के पहले दिन देश के लिए अपना प्यार दिखाते हुए दिलजीत ने कहा, 'ये मेरा देश है।'

दिलजीत के अगले कॉन्सर्ट

दिल्ली के बाद, हैदराबाद, अहमदाबाद, लखनऊ, पुणे, कोलकाता, बैंगलोर, इंदौर, चंडीगढ़ और गुवाहाटी में दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट होंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो दिलजीत ने पिछले दिनों ही %बॉर्डर 2% में अपनी कास्टिंग की घोषणा की थी, जिसमें सनी देओल और वरुण धवन भी हैं। कथित तौर पर सीक्वल लोंगेवाला की लड़ाई की पृष्ठभूमि पर आधारित होगा, जिसका फिल्मांकन नवंबर में शुरू होने की उम्मीद है। फिल्म की शूटिंग नवंबर में शुरू होने की उम्मीद है।

दिलजीत दोसांझ पर भारी पड़ा लेमन मैन

दिलजीत दोसांझ का भारत दौरा शनिवार रात नई दिल्ली में शुरू हुआ और ऐसा लगता है कि कि संगीत समारोह में शामिल दिलजीत के फैंस ने खूब एंजॉय भी किया। संगीतकार, जो इस सर्दी में भारत के कई शहरों के दौरे पर हैं ने अपने सबसे बड़े हिट गानों पर परफॉर्म किया, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनकी प्लेलिस्ट में डू यू नो और नैना जैसे गाने शामिल थे। लेकिन, इसी बीच कॉन्सर्ट में मौजूद लोग स्टेज पर %नींबू% को देखकर आश्चर्यचकित रह गए।

स्वास्थ्य

जब शरीर में पैदा हो जाए प्रोटीन की कमी

खबरी प्रशाद, नई दिल्ली



बॉडी में प्रोटीन की कमी पैदा होने की वजह से आपकी सेहत बुरी तरह से प्रभावित हो सकती है। आइए कुछ प्रोटीन से भरपूर खाने की चीजों के बारे में जानते हैं।

प्रोटीन की कमी आपकी सेहत पर भारी पड़ सकती है। शरीर में इस तत्व की कमी इम्यून सिस्टम को कमजोर बनाती है जिससे आप बार-बार बीमार पड़ सकते हैं। प्रोटीन की कमी की वजह से आपको दिन भर थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है। अगर आप भी अपने शरीर में पैदा हुई प्रोटीन की कमी को दूर करना चाहते हैं, तो आपको अपने डाइट प्लान पर फोकस करना चाहिए। खाने में प्रोटीन से भरपूर चीजों का सेवन करने से आप इस तत्व की डेफिशिएंसी से काफी हद तक छुटकारा पा सकते हैं।

प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए ड्राई फ्रूट्स को अपने डाइट प्लान का हिस्सा जरूर बनाएं।

हेल्थ एक्सपर्ट्स प्रोटीन की डेफिशिएंसी से छुटकारा पाने के लिए दालों का सेवन करने की सलाह भी देते हैं। इसके अलावा अगर आप चाहें तो अंडा कंज्यूम करके भी प्रोटीन की कमी को काफी हद तक दूर कर सकते हैं। साथ ही सीड्स में भी प्रोटीन की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि डेयरी प्रोडक्ट्स में भी प्रोटीन की भरपूर मात्रा पाई जाती है। दूध, चीज और दही जैसी चीजों को सही मात्रा में रेगुलरली कंज्यूम करके आप प्रोटीन की कमी को दूर कर सकते हैं। वहीं, सोया में भी प्रोटीन होता है इसलिए आप इसे भी अपने डाइट प्लान में शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा सर्दियों में आप प्रोटीन के लिए मूंगफली भी खा सकते हैं।

मछली में भी प्रोटीन की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। अगर आप चाहें तो ओट्स का सेवन भी कर सकते हैं। खाने की ये सभी प्रोटीन रिच चीजें आपकी सेहत के लिए तभी फायदेमंद साबित होंगी, जब आप इन्हें सही मात्रा में और सही तरीके से अपने डाइट प्लान में शामिल करेंगे।

फैटी लीवर में इस सब्जी का पानी है फायदेमंद, इन समस्याओं में भी मिलेगा आराम

खबरी प्रशाद, नई दिल्ली



फैटी लीवर एक ऐसी स्थिति है जिसका शिकार इन दिनों ज्यादातार लोग हो रहे हैं। इसके मरीजों में फैट लिपिड्स लिवर में जमा हो जाता है और फिर लिवर के कामकाज को धीमा करता है। मोटापे से ग्रसित और डायबिटीज के मरीज इस समस्या की चपेट में तेजी से आते हैं। बता दें, ऑइली, फरुक्टोज और कैलोरी से भरपूर फूड का ज्यादा सेवन भी फैटी लिवर का कारण हो सकते हैं। ऐसे में इसे कंट्रोल करने के लिए आपको अपनी लाइफ स्टाइल बेहतर करने के साथ डाइट में भी बदलाव करना होगा। आप अपनी डाइट में हरी सब्जियां खासकर पालक को शामिल कर इसे नियंत्रित कर सकते हैं।

दरअसल, पालक का पानी में प्रोटीन के साथ आयरन और विटामिन ए होता है। इसके अलावा ये एक क्लींजर की तरह भी काम करता है और अपने लैक्सेटिव गुणों की वजह से कई प्रकार से फायदेमंद है।

फैटी लिवर में पालक का पानी कैसे करता है काम?

पालक का पानी लिवर में जमा फैट को पिघलाने में मदद करता है। ये आपके लिवर के काम काज को तेज करता है और फिर शरीर के बाकी फंक्शन को बेहतर बनाने में मदद करता है। दरअसल, पालक का पानी लिवर सेल्स में जाकर इसे फ्लश ऑउट करता है और फिर इसकी गर्माहट फैट लिपिड्स को पिघलाने में मदद करता है। इस प्रकार से ये लिवर के लिए एक डिटॉक्सीफाइंग एजेंट की तरह काम करता है

फैटी लिवर में पालक का पानी पीने का तरीका

फैटी लिवर में पालक का पानी पीने का सही तरीका ये है कि पालक का पानी लें और फिर इसमें थोड़ा सा काला नमक मिला लें।

फिर एक बार थोड़ा सा उबाल लें और इस पानी को पिएं। आपको ये पानी गर्म-गर्म ही पीना है तभी इसका ज्यादा फायदा होगा। ध्यान रखें कि इस पानी को सुबह खाली पेट पिएं क्योंकि ये इस समय ज्यादा असर करेगा।

पालक का पाने पीने से ये परेशानियां भी होंगी कम

पालक का पानी आपके पेट के लिए भी बहुत फायदेमंद है और कब्ज और आंतों से जुड़ी समस्याओं को भी कम करने में मददगार है। साथ ही इसमें आयरन है जो खून की कमी से बचाता है और इसका विटामिन ए आंखों की रोशनी बढ़ाता है।

महीने भर हर रोज करें सूर्य नमस्कार

खबरी प्रशाद, नई दिल्ली



आयुर्वेद के मुताबिक सूर्य नमस्कार आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। आइए सूर्य नमस्कार का अभ्यास करने के कुछ हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानकारी हासिल करते हैं। योग आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक सूर्य नमस्कार का अभ्यास कर आप अपनी ओवरऑल हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकते हैं। हालांकि, बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए आपको नियम से हर रोज सुबह सूर्य नमस्कार का अभ्यास करना होगा। आइए सूर्य नमस्कार करने के कुछ ऐसे हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानते हैं, जिनके बारे में जानकर आप भी इसकी प्रैक्टिस करने के लिए इंस्पायर हो पाएंगे।

सूर्य नमस्कार आपकी गट हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकता है। अगर आप पेट से जुड़ी समस्याओं से खुद को बचाए रखना चाहते हैं, तो सूर्य नमस्कार करना शुरू कर दीजिए। सूर्य नमस्कार कब्ज, अपच, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित हो सकता है। इसके अलावा सूर्य नमस्कार करने की वजह से आपके शरीर को डिटॉक्स भी किया जा सकता है। सूर्य नमस्कार की मदद से आपके पेट के आसपास जमा जिद्दी चर्बी को कम किया जा सकता है। अगर आप अपनी वेट लॉस जर्नी को आसान बनाना चाहते हैं तो सूर्य नमस्कार को अपने डेली रूटीन में शामिल कर लीजिए।

दाल में घी मिलाकर खाना चाहिए या फिर नहीं एक चम्मच घी से सेहत पर क्या असर पड़ेगा

खबरी प्रशाद, नई दिल्ली



क्या आप जानते हैं कि आयुर्वेद के मुताबिक दाल में अक्सर घी मिलाकर खाने की सलाह दी जाती है? आइए इसके पीछे छिपे कुछ कमाल के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।

घी में पाए जाने वाले तमाम पौष्टिक तत्व आपकी ओवरऑल हेल्थ को काफी हद तक बूस्ट कर सकते हैं। अब सवाल ये उठता है कि घी को डाइट में शामिल करने का सही तरीका क्या है? कुछ लोग रोटी में घी लगाकर खाते हैं, तो कुछ लोग दाल में घी मिक्स कर खाना पसंद करते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आयुर्वेद के मुताबिक दाल में घी मिलाकर सेवन करना आपकी सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। दाल में महज एक चम्मच घी मिलाकर खाएं और खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर देखें। अगर आप दाल में घी डालकर खाएंगे तो आपकी गट हेल्थ को काफी हद तक सुधारा जा सकता है। कब्ज और अपच जैसी पेट से जुड़ी बीमारियों को दूर करने के लिए इस तरह से घी का सेवन किया जा सकता है। सही मात्रा में घी कंज्यूम करने से आप अपनी वेट लॉस जर्नी को भी आसान बना सकते हैं। दाल में घी मिक्स कर खाने से आपकी हड्डियों को मजबूती मिलेगी जिससे आप जोड़ों के दर्द की समस्या का शिकार बनने से बच सकते हैं।

नोट: खबरी प्रशाद इस हेल्थ टिप्स की जानकारी व सूचना को लेकर किसी तरह का दावा नहीं करता है और न ही जिम्मेदारी लेता है। उल्लेखित संबंधित बीमारी के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने डॉक्टर से परामर्श अवश्य कर लें।

www.facebook.com/khabariprashad | www.khabariprashad.com | www.youtube.com/@khabariprashad

ट्राइसिटी खबरी

हम सवाल उठाते हैं, पालकी नहीं

सोमवार, 28 अक्टूबर 2024 | Email id : deskkhabari@gmail.com | RNI Title No. : HARHIN11531 | पंचकूला

MAIL US: CHDRMC@GMAIL.COM

RMC TECHNOLOGY

WE DEAL IN

BIOMETRIC MACHINE, BILLING MACHINE, CURRENCY COUNTING MACHINE,
HAND HELD TICKET MACHINE, TOUCH POS MACHINE, THERMAL AND BARCODE LABEL ETC.

SCO 95, 1ST FLOOR, SWASTIK VIHAR, SECTOR-5, PANCHKULA, HARYANA 134109

CALL US: 8054004402,7529075290

एक्सप्रेस खबर

बलटाना पुलिस ने दो नशा तस्करों को 60 ग्राम चिट्टे के साथ किया गिरफ्तार

खबरी प्रशाद, जीरकपुर/संदीप सिंह बावा। बलटाना पुलिस ने दो नशा तस्करों को 60 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस 21/61/85 के तहत केस दर्ज किया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड के बाद सोमवार को पटियाला जेल भेज दिया जाएगा। पकडे गए आरोपियों की पहचान इंदर देव शर्मा ऊर्फ दानु निवासी गांव मंडोरघाट थाना सुनी जिला शिमला और प्रवेश सैनी निवासी गांव रंगड़ी थाना सदर सिरसा जिला सिरसा हरियाणा के रूप में हुई है। इंदर देव के खिलाफ पहले भी नशा तस्करी के आरोप में दो केस दर्ज है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के पास से 30 – 30 ग्राम कुल 60 चिट्टा बरामद हुआ है। मामले के सबंध में जानकारी देते हुए चौकी इंचार्ज सतनाम सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी बलटाना की कलगीधर मार्किट में रात रुकने के लिए होटल ढूंढ रहे थे। इस दौरान उनकी पुलिस पार्टी भी उस एरिया में दीवाली को लेकर मार्किट में चैकिंग कर रही थी। शक की बनाह पर दोनों आरोपियों की चैकिंग की गई तो दोनों के पास से 30 – 30 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। उन्होंने बताया की दोनों आरोपी सिरसा से चिट्टा लेकर आए थे और शिमला डलिवरी देने जा रहे थे। रात होने के कारण वह यहां रुकने के लिए होटल ढूंढ रहे थे। जिन्हे गिरफ्तार कर एक दिन के रिमांड के बाद पटियाला जेल भेजा जा रहा है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया की इंदर देव के खिलाफ पहले भी दो पर्चे हैं।



ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए निकला ड्रॉः 460 आवेदन में से ड्रॉ के माध्यम से किए गए 20 अलॉट

खबरी प्रशाद, पंचकूला। उपायुक्त डा. यश गर्ग ने बताया कि प्रशासन द्वारा दीपावली त्यौहार के मद्देनजर ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए 20 अस्थाई स्थान और स्टॉल निर्धारित किए गए हैं। स्टॉल पर ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए उपमण्डल स्तर पर अस्थाई लाइसेंस के लिए ड्रॉ के माध्यम से जारी किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि उपमण्डल पंचकूला में ग्रीन पटाखो के अस्थाई लाईसेंस के लिए 26 अक्तूबर 2024 को दोपहर 2 बजे तक आवेदन पत्र उपमण्डल अधिकारी (नागरिक) लघु सचिवालय सेक्टर-1 पंचकूला में मांगे गए और 460 आवेदन प्राप्ति के बाद 27 अक्तूबर 2024 को सांय चार बजे ड्रा निकाला गया। इनमें से 444 पंचकूला के लिए आवेदन आए। बरवाला में दो और शेष दोनों स्थानों के लिए 7- 7 आवेदन आए।

एस डी एम गौरव चौहान की अध्यक्षता में तीन अधिकारियों की कमेटी ने ड्रॉ से स्टाल अलॉट किए। इस कमेटी में नायब तहसीलदार और ए एस आर शिव शंकर शामिल है। उन्होंने ड्रॉ के माध्यम से ग्रीन पटाखों के लिए स्टाल जारी किए।

उन्होंने बताया कि पंचकूला शहर के लिए हैफेड भवन के पीछे पार्किंग में 13 स्टॉलों की संख्या निर्धारित की गई है। इसके अलावा रामगढ के राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में दो स्टॉल, बरवाला के राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में दो स्टॉल, रायपुररानी के नेताजी स्टेडियम में तीन स्टॉल निर्धारित किये गए हैं।

एक अप्रैल 24 से खबरी प्रशाद, दैनिक अखबार के विज्ञापन रेट

Rates for Display Ads

6000/- एक हफ्ते के लिए
10000/- 15 दिनों के लिए
15000/- 30 दिनों के लिए

साइज : 3इंच*4इंच

क्लासिफ़ाइड एड्स जैसे की नाम परिवर्तन, बेदखली नोटिस, वर्गीकृत खोया-पाया आदि के लिए 400/- रूपए 40 शब्दों तक
250/- रूपए कार, कोठी, प्लाट लैंड फॉर सेल आदि 25 शब्दों तक
25 शब्द से अधिक होने पर 10/- रूपए प्रति शब्द

संपर्क करें : 8054004431 कॉल/व्हाट्सप्प

FOR
ADVERTISEMENT
CONTACT US:
8054004431

कॉलोनाइजर पर अवैध बिजली कनेक्शन और सीवेज कनेक्शन करने का आरोप

ग्राम वासियों ने रोष प्रदर्शन कर प्रशासन से कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

खबरी प्रशाद

जीरकपुर/संदीप सिंह बावा। वार्ड नंबर 26 के अधीन पड़ते दयालपुरा गांव से भबात जाने वाली रोड पर स्थित एक कलोनाइजर ने गांव के ट्रांसफार्मर पर अवैध तरीके से बिजली व सीवरेज का कनेक्शन जोड़ने के आरोप लगाए। इस दौरान गांव निवासियों द्वारा कलोनाइजर के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते हुए उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और प्रसाशन से मांग के के कलोनाइजर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। रोष प्रदर्शन कर रहे सुरिंदर सिंह, मलकीत सिंह, सुखविंदर सिंह, सोहन राम चौधरी, बलजीत सिंह, हरविंदर सिंह, राम करन, कमलजीत सिंह, सन्नी गिल्ल व अन्य लोगों ने बताया कि नाभा को जाने वाली सड़क पर उनके गांव का बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। जिससे खेतों व आधे गांव को बिजली कि सप्लाई जाती है। उसके साथ ही एक व्यक्ति द्वारा यहां एक सोसायटी काटी हुई है। जिसमें 93 प्लाट हैं और यहां करीब दो दर्जन घर बन चुके हैं। जिन्हे बिजली देने के लिए कलोनाइजर ने बिना किसी मंजूरी के अवैध तरीके से अपनी सोसायटी का कनेक्शन उनके गांव के ट्रांसफार्मर से जोड़ लिया है। जबकि पहले ही उनके गांव को सप्लाई पूरी नही हो रही है।

कलोनाइजर द्वारा कनेक्शन जोड़े जाने के बाद लोड बढ़ गया है और बिजली कि वोल्टेज कम आ रही है। वोल्टेज कम होने के कारण घर की पानी वाली मोटरें भी नही जल रही है। जिसके चलते पानी



की समस्या आ रही है। वहीं लोगों ने यह भी आरोप लगाया के कलोनाइजर द्वारा सीवरेज का कनेक्शन भी अवैध रूप से जोड़ लिया है। जिसके चलते आगे जाकर सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या भी पैदा हो जाएगी। लोगों ने बताया की बिजली व सीवरेज की मोटी फीसें ना भर कर खुद को फायदा पहुंचाया जा रहा है और सरकारी खजाने को चुना लगाया जा रहा है।

रोष प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा की कलोनाइजर को सोसायटी काटने के बाद फीस भरकर यहां लोगों के बसने से पहले बिजली, पानी व सीवरेज का प्रबंध करना चाहिए था और यह प्रसाशन की भी जिम्मेवारी बनती है के इन चीजों के बगैर यहां सोसायटी कैसे और क्यों काट दी जाती है। नगर परिषद को इस तरफ खास ध्यान देना चाहिए। लोगों ने कहा की यदि नगर परिषद के अधिकारी भ्र्ष्ट नही हैं तो उनको ऐसे कलोनाइजरो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि पैसा खर्चा कर घर खरीदने के बाद लोगों को परेशान ना होना पड़े।

> आप लोकेशन मुझे भेज दो मैं कल ही टीम भेजकर चैक करवा लेता हूं। यदि कलोनाइजर ने कुछ भी गलत किया है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> **सवनीत सिंह, जेई वाटर व सीवरेज नगर परिषद जीरकपुर।**
>
> हमने बिजली के ट्रांसफार्मर के लिए अप्लाई किया हुआ है। दो चार दिनों में सोसायटी का ट्रांसफार्मर लग जाएगा।
> **अजय खरबंदा, कलोनाइजर।**

मानव सेवा संघ द्वारा बाल सदन बच्चों को बांटी मिठाई व शिक्षा सामग्री



खबरी प्रशाद, डेराबस्सी/ पिंकी सैनी। नर सेवा नारायण सेवा को सार्थक करते मानव सेवा संघ द्वारा एक छोटी सी पहल सोच के साथ हर महीने के अंतिम रविवार को समाज सेवा का कार्य किया जाता है। संघ द्वारा बीते लम्बे समय से समाजसेवी कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाता है।

संघ के सदस्यों ने बताया कि इस बार की सेवा बाल सदन अनाथालय में दी गई। जिसमें वहां पर रह रहे बच्चों को कपड़े, बैग, मिठाइयां, शिक्षण सामग्री, दिवाली के पटाखे, रंगोली का सामान एवं सेवादारों को दीपावली के गिफ्ट उपहार स्वरूप दिए गए। ग्रुप प्रबंधक भुवनेश चौहान ने बताया कि हमारा यह ग्रुप निस्वार्थ भाव से समाज सेवा कर रहा हैं तथा ग्रुप के सभी सदस्य फार्मा सेक्टर से जुड़े हैं। ग्रुप के सदस्यों में रवि भारद्वाज, नितिन जैन, जितेंद्र मिश्रा, सुधीर सेठी, अरविंद, कैलाश, राहुल शाक्य, अजय कुमार, राजेश मधबाल, मंजू शर्मा , नित्या श्रीवास्तव, विनय कुमार, अवनीश कुमार, संजीव कौशिक, विशमबर दास, नितिन चौहान, योगेश शर्मा, मोनिका धीमान, रमेश मिश्रा, अंकित कुमार, मुनीश ठाकुर, शेखर राठी आदि हाजिर थे।

दप्पर टोल प्लाजा पर भारी टोल चुकाने के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोजाना जाम, राहगीर परेशान

खबरी प्रशाद, डेराबस्सी/पिंकी सैनी। चंडीगढ़-अंबाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुगम यात्रा के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा दप्पर टोल प्लाजा पर भारी टोल टैक्स देने के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह चल रहे निर्माण कार्य और वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण डेराबस्सी इलाके में रोजाना ट्रैफिक जाम की समस्या आम हो गई है।शंभू बैरियर बंद होने के कारण जम्मू-कश्मीर के वाहन भी चंडीगढ़-अंबाला राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से अंबाला से दिल्ली जाते हैं, जिसके कारण इस राजमार्ग पर वाहनों की संख्या काफी बढ़ गई है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना समस्याओं का सामना करना पड़ता है जानकारी के मुताबिक दप्पर टोल प्लाजा से गुजरने वाले भारी वाहन चालकों से भारी टोल वसूला जाता है, जिससे उनकी जेब पर बोझ पड़ता है।है वाहन चालकों की शिकायत है कि टोल टैक्स देने के बावजूद नेशनल हाईवे पर चल रहे निर्माण कार्य और वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण उन्हें लंबे ट्रैफिक जाम में फंसने को मजबूर होना पड़ रहा है. इससे न केवल समय और ईंधन की बर्बादी हो रही है बल्कि ड्राइवरों में निराशा



भी पैदा हो रही है। शंभू बैरियर बंद होने से भारी वाहन चालकों की भी परेशानी बढ़ गई है। इससे चंडीगढ़-अंबाला मुख्य मार्ग पर वाहनों की संख्या बढ़ गई हैडेराबस्सी से जीरकपुर तक का सफर जहां पहले 15 मिनट में होता था, अब एक घंटे में हो जाता है।इससे न केवल वाहन चालकों को परेशानी हो रही है, बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात का सुचारू प्रवाह भी प्रभावित हो रहा है। चंडीगढ़-अंबाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों ने अपनी चिंता व्यक्त की है और एनएचएआई से समस्या के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। वहवे ट्रैफिक जाम से बचने के लिए इस महत्वपूर्ण सड़क पर चल रहे निर्माण कार्यों के बेहतर प्रबंधन की भी मांग कर रहे हैं, जिसके कारण रोजाना जाम लगता है। यात्री स्थिति को कम करने और सभी के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में जब राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के निदेशक प्रदीप अत्रीजी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि संभू बॉर्डर बंद होने के कारण यह समस्या हो रही है.बॉर्डर नहीं खुला तो ये समस्या रहेगी और हमारे पास के टोल प्लाजा पर जाम नहीं लगता।

पैदल जा रही महिला को लिफ्ट देने के बहाने गाड़ी में बिठा कर चाकू की नोक पर सोने के गहने लूटे

महिला को गाड़ी में से धक्का देकर हो गया फरार



खबरी प्रशाद, जीरकपुर/संदीप सिंह बावा। शनिवार को शाम करीब साढ़े पांच बजे एक कार चालक ने पैदल जा रही महिला को लिफ्ट देने के बहाने गाड़ी में बिठा कर चाकू की नोक पर सोने के गहने लूट लिए और महिला गाड़ी में से धक्का देकर फरार हो गया। महिला ने शोर मचाया तो आसपास लोग इकठा हो गए और महिला को उसके घर पहुंचाया। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को कर दी गई है। वारदात के बाद मौके से फरार कार चालक की गाड़ी की तस्वीरें सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिसकी फुटेज लोगों द्वारा पुलिस को दे दी गई है और पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मामले के सबंध में जानकारी देते हुए मुन्नी देवी ने बताया की वह किसी काम से गई थी शाम करीब साढ़े पांच बजे एरो सिटी रोड से दयालपुरा गांव की तरफ पैदल आ रही थी। वह आकेली ही पैदल आ रही थी तो पिछले से एक कार आई और उसने कहा के मैं दयालपुरा गांव में ही जा रहा हूं तुम गाड़ी में बैठ जाओ तुम्हे वहां छोड़ दूंगा। जिसके बाद महिला गाड़ी में बैठ गई और करीब 100 मीटर चलने के बाद युवक ने चाकू निकाल लिया। चाकू दिखाकर उसने कहा के सभी गहने उतार दी, जब महिला ने उसका विरोध किया तो लुटेरे ने चाकू से उसके पेट पर वार कर दिया और महिला का सोने का कोका व एक बाली झपट ली। जिसके बाद लुटेरे ने उसे धक्का मारकर गाड़ी से बहार गिरा दिया और मौके से ऐरो सिटी की तरफ फरार हो गया। जब महिला ने शोर मचाया तो लोगों ने इकठे होकर महिला को शांत करवाया और उसे उसके घर पहुंचाया। महिला द्वारा वारदात की शिकायत पुलिस को दे दी गई है। जांच अधिकारी राज कुमार ने बताया की आसपास जितने सीसीटीवी थे उनकी फुटेज ले ली गई है और नंबर ट्रेस करने के बाद जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ग्रामीणों ने बनाए जा रहे शोरूमों का किया विरोध

ग्रामीणों ने लगाया दोष नगर परिषद शिकायतों के बावजूद नहीं कर रहा कोई कार्रवाई

खबरी प्रशाद।

जीरकपुर/संदीप सिंह बावा। नगर परिषद जीरकपुर के अंतर्गत आने वाले गांव दयालपुरा में सड़क पर करीब 35-40 शोरूम बनाए जा रहे हैं। जिसका ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ये शोरूम अवैध रूप से बनाए जा रहे हैं, जबकि बिल्डर का दावा है कि इन शोरूमों का नक्शा पास हो चुका है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा नगर परिषद से शिकायत की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि नगर परिषद की ओर से बिल्डर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जबकि ग्रामीणों द्वारा दो बार शिकायत दी गई थी और एक शिकायत पिछले महीने 25 सितंबर को दी गई थी।



ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते ऐसे अवैध निर्माण को नहीं रोका गया तो आने वाले समय में यहां वीआईपी रोड की तरह भीड़ बढ़ वाली सड़क बन जाएगी। उन्होंने कहा कि इन शोरूमों की पार्किंग पूरी नहीं है, जिसके कारण यहां बनी दुकानों पर खरीदारी करने आने वाले ग्राहक अपने वाहन सड़क पर ही पार्क कर देंगे, जिससे भविष्य में ग्रामीणों को अपने घरों तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमें इन निर्माणों से कोई आपत्ति नहीं है लेकिन आपत्ति इस बात पर है कि बिल्डर ने पार्किंग के लिए जरूरी जगह नहीं छोड़ी है, जिससे भविष्य में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

> “ अगर ये शोरूम बन रहे हैं तो इनका नक्शा पास हुआ होगा, क्या नक्शे के मुताबिक शोरूम बने हैं? इस संबंध में हम सोमवार को टीम भेजकर जांच कराएंगे और यह भी जांच की जाएगी कि इन शोरूमों के सामने नियमानुसार जगह छोड़ी गई है या नहीं।
> **सुखविंदर सिंह, एसडीओ नगर कौंसलर जीरकपुर।**
>
> “ इस प्रोजेक्ट का नक्शा पास है, जिन शोरूमों की आप बात कर रहे हैं वे दयालपुरा गांव के किसानों के हैं, उनमें 7-8 शोरूम मेरे हैं और बाकी गांव के अलग-अलग जिमीदारों के हैं। उन शो रूम की रजिस्ट्रियां भी उन्हीं किसानों के नाम पर हैं और नक्शे भी उन्हीं किसानों के नाम पर हैं। बात यह है कि पार्किंग की जगह पूरी तरह से नियमानुसार छोड़ी गई है और पैमयश के दौरान इसकी वीडियो ग्राफी भी की गई थी।
> **परमिंदर सिंह, बिल्डर**

लेकिन ग्रामीणों की इस शिकायत को जीरकपुर नगर परिषद द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सुखविंदर सिंह, हरचरण सिंह, मलकीत सिंह, जगतार सिंह और गुरप्रीत सिंह के अलावा अन्य ग्रामीणों ने बताया कि मास्टर प्लान के मुताबिक यह सड़क 66 फीट 8 इंच है।

उन्होंने कहा कि शोरूम का निर्माण कराने वाले बिल्डर द्वारा नक्शे के विपरीत इन शोरूम का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिल्डर ने शोरूमों के सामने पार्किंग की पर्याप्त जगह नहीं छोड़ी है।

जिससे भविष्य में ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि बिल्डर कह रहा है कि उसका नक्शा पास है, लेकिन उन्हें संदेह है कि बिल्डर द्वारा नक्शे के विपरीत शोरूम का निर्माण कराया जा रहा है।

एक्सप्रेस खबर

सरकार किसानों को कर रही परेशान

लोगों की फसले नहीं उठा रही उसके बाद फसल लगाने के लिए जो मशीनरी चाहिए वह भी नहीं दे पा रही



खबरी प्रशाद, डेराबस्सी/ पिंकी सैनी। पंजाब सरकार किसानों को सुपर सीडर मशीनें मुहैया कराने पर जोर दे रही है ताकि उन्हें खेती से जुड़े काम में मदद मिल सके. सुपर सीडर मशीन से किसानों को खेती में काफी मदद मिली है. मैं आपको वह बता दूंकृषि मशीनरी की मदद से किसान खेत की तैयारी से लेकर बुआई, निराई, छिड़काव, कटाई और कई तरह के काम कर सकते हैं। इतना ही नहीं, इनकी मदद से फसल उत्पादन की लागत भी कम हो गई है. पंजाब सरकार किसानों को उनकी फसल से अच्छा मुनाफा दिलाने के लिए कृषि मशीनरी पर सब्सिडी की सुविधा भी दे रही है। इसी श्रृंखला के तहत कृषि विभाग द्वारा किसानों को अनुदानित दरों पर सुपर सीडर मशीनें उपलब्ध हैंआयोजित किये जा रहे हैं ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के किसानों को सरकार से मदद मिल सके। क्योंकि पंजाब सरकार ने पराली जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे प्रदूषण की समस्या पैदा होती है. लेकिन दूसरी ओर, डेराबस्सी के पास नगला गांव के किसान मदन सिंह राणा और अजय राणा ने कहा कि राज कुमार ने 18 सितंबर को सात फुट के सुपर सीडर के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। जो अभी भी ऑनलाइन हैपैडिंग दिखा रहा है. उन्होंने कहा कि सुपर सीडर की डिलीवरी नहीं होने के कारण उनकी गेहूं की बुआई में देरी हो रही है. एक तरफ सरकार सुपर सीडर से गेहूं की बुआई करने की अपील कर रही है, लेकिन दूसरी तरफ उन्हें सुपर सीडर की डिलीवरी ही नहीं मिली है. जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इसके चलते किसान धान की पराली में आग लगाने को मजबूर हैं। यदि वे समय में रहते हैंयदि सुपर सीडर की डिलीवरी नहीं मिली तो उनकी गेहूं की बुआई में देरी होगी। जिससे उनकी गेहूं की पैदावार भी कम हो जायेगी. जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने पंजाब सरकार से अपील की कि उन्हें सुपर सीडर की समय पर डिलीवरी दी जाए ताकि वे समय पर गेहूं की बुआई कर सकें। ज्ञात हो कि सुपर सीडर मशीन का उपयोग फसल अवशेषों को बिना जलाए मिट्टी में मिलाने के लिए किया जाता है।किया जाता है और यह अगली फसल की बुआई के लिए भी सहायक होता है। इसमें आगे की तरफ एक प्रकार का ब्लेड लगा होता है, जो पराली को खेत की मिट्टी में मिलाने में मदद करता है और इस मशीन के पिछले हिस्से में बुआई के लिए टाइल्स/डिस्क लगी होती है। सीधे शब्दों में कहें तो सुपर सीडर मशीन के आने से किसानों को न तो पराली जलाने की जरूरत है और न ही उसे खेत से बाहर ले जाने की जरूरत है. डीसी द्वारा ड्रा प्रणाली के माध्यम सेसुपर सीडर को हटाया जाएगा–पुनीत गुप्ता जब मैंने इस बारे में डेराबस्सी ब्लॉक कृषि अधिकारी पुनीत गुप्ता से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि डीसी मोहाली ड्रॉ सिस्टम के जरिए पर्चियां निकालेंगे, इस बीच जिस किसान की पर्ची ड्रॉ में निकलेगी उसे सुपर सीडर मशीन दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही मोहाली में ड्रा निकाला जाएगा। जिसके बाद किसानों को सुपर सीडर मशीनों की डिलीवरी मिलीके लिए योग्य होगा कैप्शन– धान के खेत में सुपर सीडर मशीन से गेहूं बोते किसान की तस्वीर।

दशमेश खालसा कॉलेज में गुरमति कार्यक्रम एवं सेमिनार का किया गया आयोजन



खबरी प्रशाद, जीरकपुर/संदीप सिंह बावा। जीरकपुर– दशमेश खालसा कॉलेज में गुरु अमरदास साहिब जी की 450वीं जयंती और श्री गुरु रामदास जी के गुरियाई दिवस को समर्पित एक गुरमति कार्यक्रम और सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाई हरजिंदर सिंह, रागी जत्था, भूड़ा साहिब और कॉलेज के विद्यार्थियों ने श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद रास बखना शबद कीर्तन किया। डॉ. परमवीर सिंह (पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला) ने 'गुरु रामदास साहिब जी की महिमा और योगदान' के बारे में बात की और डॉ. कुलविंदर सिंह (डॉ. बलबीर सिंह साहित्य केंद्र, देहरादून) ने 'गुरु अमरदास जी की महिमा और योगदान' विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। ज्ञानी गुरबख्श सिंह गुलशन विशेष रूप से ब्रिटेन आए और गुरमत विचारों पर चर्चा की। गुरुमीत सिंह बूह (शिक्षा प्रभारी एवं सदस्य, श्रोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, श्री अमृतसर साहिब) ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा मनायी जा रही शताब्दी वर्ष के बारे में बताया तथा गुरुओं द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। निरमैल सिंह जौला (सदस्य, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी) ने कॉलेज द्वारा आयोजित गुरमति कार्यक्रम की सराहना की। डॉ. गुरतेज सिंह (सहायक निदेशक, शिक्षा निदेशालय) ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। डॉ। करमबीर सिंह (प्रिंसिपल) ने अतिथियों को सम्मान चिन्ह प्रदान किए और पूरी मंडली को धन्यवाद दिया और कहा कि शिरोमणि, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, श्री अमृतसर साहिब ने इस वर्ष श्री गुरु अमरदास साहिब जी की 450वीं जयंती बड़े पैमाने पर आयोजित की है। ज्योति दिवस और श्री गुरु अमरदास साहिब जी की 450वीं वर्षगांठ को समर्पित गुरमति कार्यक्रम और सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं जो एक बहुत ही सराहनीय पहल है। इन आयोजनों से युवा अपनी समृद्ध विरासत और सिख इतिहास से जुड़ते हैं और इसी श्रृंखला के तहत कॉलेज द्वारा पहले भी गुरमति कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इस अवसर पर जगदेव सिंह भबात, जरनैल सिंह, जगजीत सिंह, नायब सिंह, सुश्री मंजू श्री (कार्यकारी निदेशक, साई), सुश्री संगीता शर्मा, (उप निदेशक, साई), कंवलजीत कौर (सहायक निदेशक, साई), ललित लोहानी (डिप्टी डायरेक्टर), साई), सुनीता रानी (प्रिंसिपल, बाकरपुर स्कूल), जितिंदर कौर, मनिंदर सिंह, सुरिंदर सिंह किशनपुरा, जगजीत सिंह नाधा ने गणमान्य व्यक्तियों में भाग लिया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जिस हलके के विधायक कार्यलय की सड़के टूटी हुई वह लोगों का क्या भला करेगा!

अनाज मंडी से हलका विधायक के कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर टूटा सीवेज मैनहोल का ढक्कन

टूटे मैनहोल से कभी भी हादसा हो सकता है

खबरी प्रशाद





अनाज मंडी से हलका विधायक के कार्यालय तक जाने वाली सड़क पर टूटे हुए मैनहोल की तस्वीर।

डेराबस्सी/ पिंकी सैनी। डेराबस्सी शहर में सड़कों की खराब हालत के कारण जहां लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं सड़कों पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद भी लोगों की परेशानियां कम नहीं हो रही हैं. फैंसी टाइल्स लगाने से सड़कों की शक्ल बदलने के बाद वे सड़कों में गिर जाती हैंटूटे मैनहोल के कारण हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। लोगों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि टूटे मैनहोल की बार–बार शिकायत के बावजूद कोई अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है. शहरवासियों का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारी गहरी नींद में सो रहे हैं. पिछली सरकार के दौरान पुरानी अनाज मंडी से ट्रक यूनियन और हलका विधायक के कार्यालय तक जाने वाली सड़क को फैंसी टाइलों से पक्का किया गया था। इस सड़क में बनाया गयातब से मैनहोल टूट रहे हैं। पहले सड़क के बीचों–बीच बने मैनहोल सड़क से ऊंचे होने के कारण दुर्घटना का कारण बनते रहते थे। इसके बाद मैनहोल का ढक्कन टूट गया और काफी समय तक उसकी हालत जर्जर बनी रही. कई बार स्थिति सुधारने का प्रयास किया गया, लेकिन सड़क की हालत खराब होने के कारण कोई न कोई मैनहोल टूटा ही रहता था। अब फिर इस सड़क पर एक मैनहोल का ढक्कन टूटा होने के कारण इसका मुंह कई दिनों से खुला पड़ा है. पहले तो लोगों ने ऐसा कियाआसपास ईंटें रखकर दुर्घटनाओं से बचें। अब मैनहोल का मुंह धंसने से खुला होने से हादसे की आशंका और भी बढ़ गई है। लोगों ने बताया कि इस बारे में बार–बार कौंसलर कार्यालय में शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस खुले मैनहोल के कारण कभी भी कोई हादसा हो सकता है। इस संबंध में बात करने पर परिषद अध्यक्ष आशु उपनेजा ने कहा कि मामला उनके ध्यान में नहीं है. जल्द ही सड़क का मैनहोल बनेगाइसे ठीक कर दिया जाएगा।

नगर परिषद ने की अनदेखी तो स्थानीय लोगों ने संभाला मोर्चा खुद की खेल मैदान की सफाई

खबरी प्रशाद, जीरकपुर /संदीप सिंह बावा। ढकोली एरिया का खेल मैदान नगर परिषद की अनदेखी के कारण खस्ताहाल हो गया था। इस खेल मैदान की देखरेख न होने के कारण यहां बड़ी बड़ी घास उग गई थी और गंदगी का ढेर लग गया था। जिस कारण यहां कोई भी खिलाड़ी प्रेक्टिस करने नहीं आ रहा था। स्थानीय निवासियों द्वारा पिछले काफी समय से नगर परिषद के अधिकारियों से इस खेल मैदान की देखरेख करने की मांग की जा रही थी, लेकिन नगर परिषद के अधिकारी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे थे। रविवार को ढकोली की दर्जनों सोसायटियों के निवासियों ने ढकोली वेलफेयर एसोसिएशन और जीरकपुर वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से सफाई अभियान अभियान चलाया और खेल मैदान की सफाई की।

ढकोली की सोसायटी के निवासियों का कहना है कि इस खेल मैदान की देखरेख के लिए नगर परिषद को कई बार मांग की जा चुकी है लेकिन उनकी मांग पर ध्यान नहीं दे रही है।



ढकोली का खेल मैदान की हालत पिछले काफी समय से खस्ताहाल है। यहां कूड़े के ढेर लग रहे थे और ट्रैक भी टूट रहे है।लोगों द्वारा बार बार मांग करने के बावजूद नगर परिषद इसकी देखरेख में कोई रूचि नहीं दिखाई। जिससे थक हार कर आसपास की सोसायटियों के लोगों ने खुद ही खेल मैदान की साफ सफाई का काम शुरू कर दिया है। लोगों का कहना था कि इस खेल मैदान की खराब हालत के कारण ढकोली एरिया के कई खिलाडी पंचकूला और चंडीगढ़ जा रहे है। अगर यह मैदान ठीक होता तो स्थानीय खिलाड़ियों को दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ती लेकिन नगर परिषद के अधिकारीयों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

ढकोली वेलफेयर एसोसिएशन के सुधीर कांटीवाल ने बताया कि खेल मैदान के साथ साथ आसपास के एरिया की भी सफाई की गई है। उन्होंने कहा कि ढकोली में खेल मैदान तो बना दिया गया लेकिन उसकी देखरेख न के बराबर है।

मैदान की हालत ऐसे हो रखी थी कि यहां खेलना तो दूर सैर करने के लिए भी जगह नहीं थी ,झाड़ियों से पूरा ट्रेक भर रखा था और कूड़े के ढेर अलग से लगे हुए थे।

प्यारेवाला के पास से अवैध राईफल बरामद, 2 आरोपी गिरफ्त में, भेजा जेल

खबरी प्रशाद, पंचकूला। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कमिश्नर शिबास कविराज के मार्गदर्शन में पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक व पुलिस उपायुक्त अपराध एवं यातायात विरेन्द्र सांगवान के नेतृत्व में जिला में अवैध हथियार रखने वाले अपराधियों पर कडी नजर व सख्त कार्रवाई की जा रही है जिस कार्रवाई में एसीपी क्राइम अरविंद कम्बोज के नेतृत्व में इन्सपेक्टर क्राइम सेक्टर 26 दलीप सिंह व उसकी टीम नें अवैध हथियार की तस्करी में 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किये गये आरोपियो की पहचान दिलबर पुत्र रमेश वासी गांव भूरेवाला थाना नारायणगढ जिला अम्बाला उम्र 19 साल व प्रदीप कुमार उर्फ शंटी पुत्र जंगशेर वासी गांव मिंयापुर नारायणगढ अम्बाला उम्र 28 को गिरफ्तार किया गया । जानकारी के मुताबिक एसीपी क्राईम नें प्रैंस कान्फ्रैंस में बताया कि दिनांक 24.10.2024 को क्राइम ब्रांच सेक्टर 26 की टीम नें पेट्रोलिंग करते हुए गांव प्यारेवाला बस स्टाप के पास गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी दिलबर पुत्र रमेश वासी गांव भूरेवाला नारायणगढ अम्बाला उम्र 19 साल को अवैध राईफल सहित गिरफ्तार किया था । जिस पर थाना रायपुरानी में शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत मामला दर्ज करके छानबीन व पुछताछ करते हुए कल 25.10.2024 को अन्य दुसरे आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ शंटी पुत्र जंगशेर सिंह वासी मिंयापुर नारायणगढ अम्बाला उम्र 28 को गिरफ्तार किया गया।

ट्रेन की चपेट में युवक की मौत, पहचान नहीं हो सकी

खबरीं प्रशाद। पंचकूला के सेक्टर–19 के पास रेलवे ट्रैक पार करते वक्त एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उसका चेहरा बुरी तरह कुचला गया, जिससे पहचान करना मुश्किल हो गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सेक्टर–6 के नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए रखवा दिया है। मृतक की उम्र 26–27 साल बताई जा रही है, और पहचान के प्रयास जारी हैं।

पुलिस ने आस–पास के इलाकों में मृतक के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए, जिससे इलाके में हलचल मच गई।

ऑनलाइन शॉपिंग छोटे के कारण दुकानदारों की दिवाली मंदी

सड़कों पर लग रहा है जाम , लेकिन दुकानें पड़ी है खाली

खबरी प्रशाद, जीरकपुर /संदीप सिंह बावा। छोटा दुकानदार जिस बात से डरता था, वह अब स्पष्ट हो गया है। दिवाली एक ऐसा त्योहार है जिसका हर दुकानदार को पूरे साल इंतजार रहता है, चाहे वह कुम्हार हो, मोची हो, कपड़ा व्यवसायी हो या कोई और। यह शादी का समय भी होता है और सर्दियों की शुरुआत के कारण लोग सर्दियों के नए कपड़े भी खरीदते हैं। जब ऑनलाइन शॉपिंग की शुरुआत हुई तो दुकानदारों को डर था कि एक दिन यह ऑनलाइन शॉपिंग उनके ग्राहकों को आकर्षित करेगी और वे जल्दी खरीदारी करने लगेंगे, जो अब त्योहारों खासकर दिवाली के दौरान देखने को मिलता है। वे दिन थे जब बाजार ग्राहकों से गुलजार रहते थे और दुकानों पर भीड़ होती थी लेकिन अब दिवाली सिर्फ दो दिन दूर है लेकिन दुकानदार खाली बैठे हैं। ऑनलाइन शॉपिंग और मेगा मॉल ने छोटे दुकानदारों को परेशान कर दिया है। सड़कों पर भीड़ है और हर जगह ट्रैफिक जाम है, लेकिन दुकानदार ग्राहकों का कर रहे हैं इंतजार। जीरकपुर भबात रोड पर बूट की दुकान चलाने वाले निक्के ने बताया कि पहले दिवाली पर बाजार में काफी चहल–पहल रहती थी और ग्राहकों का आना–जाना लगा रहता था, लेकिन ऑनलाइन शॉपिंग ने उन्हें आलसी बना दिया है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर किसानों के साथ बैठ धरने पर बैठ जाएंगे। शॉपर्स डैन, किड्ज गैलरी, निज़ाम टेलर, वीर गारमेंट्स आदि ने भी कहा कि बाजार में भीड़ तो है लेकिन यह केवल घूमने वालों के लिए है। लोग बस घूम–घूम कर फोटो खींचते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग सस्ती हो सकती है लेकिन भरोसेमंद नहीं।





लेकिन दुकानों के सामने सामान देखकर खरीदारी की जा सकती है और अगर कोई खराबी हो तो दुकानदार के पास आकर उसे बदला भी जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार को छोटे दुकानदारों के बारे में कुछ सोचना चाहिए, ताकि वे मंदी से बच सकें।

पंचकूला में युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

खबरी प्रशाद, पंचकूला। पंचकूला के सेक्टर–5 बूथ मार्केट में बीती रात एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ। चंडीगढ़ निवासी संजय चंद्रा पर उसके जानकारों ने पुरानी बात को लेकर बहस के बाद चाकू से कई वार किए। पुलिस के अनुसार, संजय और उसका दोस्त रोहन खाने के लिए मार्केट पहुंचे थे, तभी सूरज और महेश ने उस पर हमला कर दिया।

हमले के बाद संजय को गंभीर हालत में जीएमसीएच चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने रोहन के बयान पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच में जुट गई है।

कालका में नशा बेचने वाला एक भी व्यक्ति नहीं बचे-शक्ति रानी शर्मा

खबरी प्रशाद, कालका/ पिंजौर। कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने आज पिंजौर स्थित वन विभाग के सभागार में जिले के सभी अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि कालका विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं समय पर मिले और लंबित कार्यों को जल्दी ही पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष कृष्ण लाल लांबा, एस डी एम पंचकूला गौरव चौहान,जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गगनदीप सिंह मौजूद थे।

कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि कालका में ड्रग्स बेचने वाला एक भी व्यक्ति नहीं बचना चाहिए। उन्होंने पुलिस एसीपी जोगेंद्र शर्मा को निर्देश देते हुए कहा कि टीम बनाकर नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें ताकि ये लोग कालका में नशा फैला कर युवाओं की जिंदगी से खिलवाड़ ना कर सके। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के एमसी भी इस मामले में तालमेल करके पुलिस को सहयोग दें। कोई भी शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए। कोई भी व्यक्ति कितना ही रसूखदार क्यों ना हो यदि वह ड्रग्स के मामले में शामिल पाया जाए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।



राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि हमें कालका को नशा से मुक्त करके युवा पीढ़ी को नशे से बचाना है व यदि नशा बिकने की शिकायत मिलती है तो तुरंत रैड करने के निर्देश दिए ताकि नशा तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो सके। राज्यसभा सांसद ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि कालका के लोगो को पीने के पानी की कमी नहीं होनी चाहिए । जहां भी कोई समस्या नजर आए या पीने के पानी की कोई शिकायत मिलती है उसका तुरंत प्रभाव से अल्टरनेट व्यवस्था की जाए यदि कालका के लोगों को पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा है उसका संबंधित अधिकारी ही जिम्मेवार होगा । इसमें किसी किस्म की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने ठेकेदारों को भी आगाह किया कि कालकावासियों को पीने का पानी बिना किसी देरी के तुरंत प्रभाव से उपलब्ध करवाये। , श्री शर्मा ने ठेकेदारों को भी विश्वास दिलाया उनकी पेमेंट टाइम पर दिलवाई जाएगी यदि वे जनता को समय पर सुविधा देंगे।

राज्यसभा सांसद ने बिजली विभाग के अधिकारी को भी सचेत करते हुए कहा कि लोगों की बिजली की समस्याओं को समय रहते जल्दी ही उनका निदान करें किसी भी समस्या को यदि कोई अधिकारी समय पर पूरा नहीं करता है इसके लिए संबंधित अधिकारी ही जिम्मेदार होगा ।राज्यसभा सांसद ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की घरों के ऊपर लटकी हुई तार को योजना और एस्टीमेट बनाकर उनको ऊपर उठाएं ताकि किसी तरह का जान मॉल की हानि ना हो सके। श्री शर्मा ने बिजली विभाग के अधिकारियों को बताया कि कालका की जनता की बिजली को लेकर काफी शिकायत लगातार मिल रही है

यदि किसी मामला कहीं पर पेंडिंग है या कोई चीज उनसे बात करने की है तो सीधे तौर पर उनसे बातचीत करें वह संबंधित अधिकारी को फोन करके उनसे काम को जल्द से जल्द करवाने का प्रयास करेंगे ताकि कालका के लोगो को किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी कार्य को लंबित न करें। लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को कालका और अनधिकृत कॉलोनीयों में स्ट्रीट लाइट्स के भी सर्वे करवाने के निर्देश दिए ताकि समय पर लोगों को रोशनी उपलब्ध करवाई जा सके। अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि शिकायत मिलने पर उसकी प्राथमिकता के आधार पर निदान किया जाना चाहिए यदि किसी अधिकारी ने किसी शिकायत को लंबित रखा या उसे पर कार्रवाई नहीं की और मुझे इसकी सूचना मिली तो उसे पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने उन्होंने अधिकारियों को उन्होंने अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निदान किया जाना चाहिए। राजनेता और अधिकारी लोगों की सेवाओं के लिए ही है

उनकी समस्याओं का समय पर निदान करना बेहद जरूरी है।

शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि अगली बैठक में कालका में जितने भी स्कूल है और कितनों की हालत अच्छी है कितने जर्जर हालत में है उसकी रिपोर्ट मुझे अगले हफ्ते जरूर प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि शिक्षा बच्चों का पहला हक है उनको अच्छी शिक्षा अच्छे संस्थान और सुविधा उपलब्ध करवाना भी सरकार का कर्तव्य है।